दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 283 जयपुर, शनिवार, 21 सितंबर, 2024 I आश्विन, कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### सहा. आयुक्त को 3.60 लाख रुपए के साथ पकड़ा



**जयपुर।** एसीबी ने शुक्रवार को भरतपुर में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त केके खंडेलवाल को 3.60 लाख रुपए के साथ पकड़ा। भरतपुर एसीबी एडिशनल एसपी अमित चौधरी ने बताया कि एसीबी फाउडेंशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ने एसीबी टीम को सूचना दी कि खंडेलवाल द्वारा अवैध रूप से अर्जित राशि लेकर जयपुर जा रहा है। एसीबी टीम ने नेशनल हाइवे स्थित लुधाबई टोल प्लाजा के पास खंडेलवाल की प्राइवेट गाड़ी को रुकवाकर चेक किया। चेकिंग के दौरान एक बैग में 3 लाख 60 हजार रुपए की राशि मिली। खंडेलवाल राशि का सही से हिसाब किताब नहीं दे पाए।

### भर्ती प्रक्रिया: आयोग को बायोमेट्रिक सत्यापन की अनुमति

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आधार कार्ड के माध्यम से अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन करने की अनुमति दे दी है। अब आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के दौरान लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन, काउंसलिंग व साक्षात्कार में अभ्यर्थी की पहचान का सत्यापन इसके माध्यम से किया जा सकेगा। गत समय के दौरान सामने आए डमी अभ्यर्थियों के प्रकरणों को देखते हुए आधार बायोमेट्रिक सत्यापन आयोग की कार्य प्रणाली में मील का पत्थर एवं अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

*(पेज 5 भी देखें)*


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## आईटी नियमों में बदलाव वाले संशोधन रद्द: केंद्र सरकार को झटका, टाई ब्रेकर जस्टिस का फैसला

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैक्ट चेक यूनिट को बताया 'असंवैधानिक'

**एजेंसी** | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम 2023 को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। इन संशोधनों के जरिए केंद्र सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने कामकाज के बारे में 'फर्जी और भ्रामक' सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें खारिज करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने की अनुमति दी गई थी।

जनवरी में एक खंडपीठ द्वारा संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभाजित फैसला सुनाए जाने के बाद इस मामले को जस्टिस ए एस चंदूरकर को 'टाई-ब्रेकर जज' के रूप में सौंपा गया था। इसके बाद जस्टिस चंदूरकर ने शुक्रवार को कहा कि नियमों ने संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया है।



### याचिका में दी गई थी यह दलील

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि इन नियमों से सरकार की आलोचना करने वाली सामग्री पर सेंसरशिप लग जाएगी। अब हाई कोर्ट ने संशोधन को रद्द कर दिया है।

### केंद्र की ओर से दी गई दलील नहीं मानी

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने संशोधनों का बचाव करते हुए तर्क दिया कि उनका उद्देश्य आलोचना या व्यंग्य को रोकना नहीं था, बल्कि झूठी जानकारी के प्रसार का मुकाबला करना था। बॉम्बे हाईकोर्ट का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद आया है। सर्वोच्च न्यायालय पहले ही इस पर रोक लगा चुका है।

### मार्च में जारी किया था नोटिफिकेशन

मार्च 2024 में, केंद्र ने आईटी नियमों को अधिसूचित किया, जिसने सरकार से संबंधित ऑनलाइन सामग्री की सटीकता की निगरानी और अनुमोदन के लिए एफसीयू को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के तहत रखा था। हालांकि, ठीक एक दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व का हवाला देते हुए हस्तक्षेप किया और एफसीयू पर आईटी नियमों की अधिसूचना पर रोक लगा दी।

### दो जजों की राय थी अलग-अलग

इस मामले को लेकर पहले दो जजों ने अलग-अलग फैसला दिया था। इसके बाद मामले तीसरे या टाई ब्रेकर जज के पास गया था। अब तीसरे जज ने संशोधन को असंवैधानिक करार दे दिया है। जस्टिस अतुल चंदूरकर ने फैसले में कहा है कि मेरी राय है कि संशोधन भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 का उल्लंघन हैं। इससे पहले न्यायाधीश गौतम पटेल और डॉ नीला गोखले की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर जनवरी 2024 में खंडित फैसला सुनाया था।

## पूर्व IAS और IPS अधिकारियों के साथ बैठक

# 'राइजिंग राजस्थान' से बढ़ेगा निवेश बदलेगी प्रदेश की तस्वीर: भजनलाल

■ निवेश से बढ़ेगा रोजगार, प्रदेश होगा अग्रणी ■ सेवानिवृत्त अधिकारियों ने निवेश पर साझा किए अनुभव

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अवसरों का निर्माण किया जाए। इसी क्रम में प्रदेश में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के माध्यम से निवेश के साथ ही रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी एवं राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बनेगा।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के संबंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को सेवा-काल के दौरान लोक सेवक के रूप में विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त होता है। इनके अनुभवों के आधार पर प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव प्रदेश में निवेश को बढ़ाने में निर्णायक साबित होंगे।

उल्लेखनीय है कि 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट' में देश-विदेश के प्रसिद्ध उद्योगपति, औद्योगिक समूह, विभिन्न देशों के व्यापारिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि मंडल इत्यादि सम्मिलित होंगे। इस समिट की पूर्व गतिविधियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय रोडशो, कॉन्फ्रेन्सेज, राउंडटेबल्स तथा विभागों के साथ प्री-समिट आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में साउथ कोरिया, जापान, यूएई एवं कतर में भी इन्वेस्टर मीट आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही, प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों, राज्यों, केन्द्रीय मंत्रालयों एवं पीएसयू से समन्वय करने के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



### इन्होंने की बैठक में शिरकत

इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने राइजिंग राजस्थान व निवेश संवर्द्धन को लेकर अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। इन अधिकारियों में चन्द्रमोहन मीणा, रवि माथुर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ललित के. पंवार, श्रीमत पांडे, श्याम अग्रवाल, दीपक उप्रेती, मुकेश शर्मा, संजय दीक्षित, राजेश्वर सिंह, डी.बी. गुप्ता, वीनू गुप्ता और अजीत सिंह शामिल रहे। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा एवं प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता सहित उद्योग विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम से ब्रिटिश उप उच्चायुक्त की मुलाकात



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को गुजरात-राजस्थान के ब्रिटिश उप उच्चायुक्त स्टीव हिकलिंग ने मुलाकात की। शर्मा ने हिकलिंग से आगामी 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट' में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के अवसरों, आर्थिक विकास की संभावनाओं तथा प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त के साथ जानकारी साझा की। हिकलिंग ने मुख्यमंत्री को सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को 'राइजिंग राजस्थान किट' भेंट की।

### मुख्यमंत्री से आर्मी कमांडर की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को दक्षिण पश्चिमी कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने मुलाकात की। शर्मा से लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## पहाड़ी से फिसलकर खाई में गिरी बस

# चुनावी ड्यूटी पर जा रहे 4 BSF जवानों की मौत



**बेधड़क** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चार जवानों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हो गए।

हादसा उस वक्त हुआ, जब बीएसएफ जवानों को लेकर जा रही एक बस पहाड़ी सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। चुनाव ड्यूटी में लगी बस में कुल 35 बीएसएफ जवान सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ जवानों को ले जा रही एक बस मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के वाटरहाल इलाके में एक खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक जवान घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है।

## SMS के नर्सिंग इंचार्ज का शर्मनाक कृत्य

# महिला से रेप का आरोप, आरोपी गिरफ्तार... जेसी

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल के नर्सिंग अफसर नरेन्द्र गर्ग पर 35 वर्षीय महिला से रेप का गंभीर आरोप लगा है। आरोपी नर्सिंग अफसर ने महिला को ट्रांसफर कराने के बहाने एक होटल में बुलाया और फिर मारपीट कर उसके साथ रेप किया। पीड़िता की शिकायत पर जवाहर नगर पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस ने नरेन्द्र गर्ग को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि नरेन्द्र गर्ग से कुछ दिनों पहले उसकी ट्रांसफर से संबंधित बात हुई थी, जो कि एसएमएस हॉस्पिटल में नर्सिंग अफसर के पद पर कार्यरत है। नरेन्द्र गर्ग ने ट्रांसफर को लेकर चर्चा करने के बहाने महिला को जवाहर नगर स्थित एक होटल में बुलाया। जब वह होटल में मिलने पहुंची, तो नरेन्द्र गर्ग ने जबरदस्ती करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे डरा-धमका कर रेप किया। घटना के बाद महिला किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकली और थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई।

### क्या पहले भी हो चुकी ऐसी घटनाएं

आदर्श नगर एसीपी लक्ष्मी सुथार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर नरेन्द्र गर्ग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। बाद में पीड़िता के बयान और मेडिकल जांच के आधार पर पुलिस ने नरेन्द्र गर्ग को कोर्ट के आदेश पर ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और महिला को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस घटना में और कौन-कौन से कारक शामिल हो सकते हैं और क्या इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं।

## कॉलेजियम मामला

# जजों के चयन पर SC ने केंद्र से कहा... 'कॉलेजियम कोई सर्च कमेटी नहीं'

- जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की सिफारिश मानने को सरकार बाध्य
- कॉलेजियम में CJI सहित पांच सबसे ज्यादा सीनियर जज शामिल
- पीठ ने कहा-सरकार को बताना होगा कि परेशानी क्या है?

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से उन कैंडिडेट्स की लिस्ट सबमिट करने को कहा, जिनके नाम कॉलेजियम द्वारा उच्च न्यायालयों में जजों के रूप में नियुक्ति के लिए दोहराए गए थे, लेकिन अभी तक उन्हें मंजूरी नहीं मिली है। नियम के मुताबिक अगर कॉलेजियम के फैसले के बाद सरकार जजों की नियुक्ति के लिए सिफारिश स्वीकार करने के लिए बाध्य है। कॉलेजियम में भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के पांच सबसे ज्यादा सीनियर जज शामिल हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा, "सरकार को यह साफ करना होगा कि दोहराए गए नामों से क्या परेशानी है। हमें एक चार्ट दीजिए, जिसमें इस बात का जिक्र हो कि नामों के दोहराए जाने के बाद आगे क्या कार्रवाई की गई है।" इस मसले पर सुनवाई के दौरान एडवोकेट प्रशांत भूषण ने बेंच से कहा कि दोहराए गए नामों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय की जा सकती है। ऐसा नियम होना चाहिए कि अगर वे एक निश्चित वक्त तक सिफारिशों को मंजूरी नहीं देते हैं, तो इसे स्वीकार कर लिया गया माना जाएगा।"



### 'हमें स्टेटस का चार्ट दीजिए'

प्रशांत भूषण की टिप्पणी के बाद चीफ जस्टिस ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से केंद्र के पास लंबित दोहराए गए नामों की लिस्ट मांगी। उन्होंने कहा, "हमें स्टेटस का चार्ट दीजिए और बताइए कि कठिनाई क्या है? देखिए, कॉलेजियम कोई सर्च कमेटी नहीं है। अगर यह महज सर्च कमेटी की होती, तो आपके पास विवेकाधिकार होता। आइडिया अलमारी में छिपे रहस्यों को उजागर करने का नहीं, बल्कि आगे बढ़ने का है।"

### इस याचिका पर SC में हुई सुनवाई?

वकील हर्ष विभोर सिंघल द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था, जिसमें कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए गए नामों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र को निश्चित समय सीमा देने की मांग की गई थी। इसके अलावा, झारखंड सरकार ने भी एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त करने के लिए कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश को मंजूरी नहीं देने के लिए केंद्र के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई थी।

### हाल ही में भेजा है नया प्रस्ताव

बता दें कि इस हफ्ते की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति पर एक नया प्रस्ताव पारित किया था। कॉलेजियम ने जस्टिस सुरेश कुमार कैत (दिल्ली हाई कोर्ट), जस्टिस जीएस संधावालिया (पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट) और जस्टिस ताशी रबस्तान (जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट) के संबंध में अपनी पिछली सिफारिशों में बदलाव किया है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेसी नेताओं को मुंह छिपाने को नहीं मिलेगी जगह



**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के भाजपा नेताओं के राजस्थान में प्रवेश को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जवाब देना शुरू किया तो कांग्रेसी नेताओं को मुंह छुपाने को जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि डोटासरा ने जिन केंद्रीय मंत्री के खिलाफ बयान दिया है उनके दादाजी बेअंत सिंह की शहादत को भूल कर केवल गांधी परिवार की चापलूसी के लिए बयान वीर बनते हैं।

### बीजेपी तीसरी बार हरियाणा में बनाएगी सरकार



**जयपुर।** हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पार्टियां पूरी ताकत से मैदान में प्रचार प्रसार कर रही हैं। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने बाड़मेर में दावा करते हुए कहा कि 62 सीटें जीतकर भाजपा हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता इस चुनाव में कांग्रेस को जवाब देगी। पूर्व मंत्री ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि उनका एक ही मकसद है कि देश के भीतर किसी तरह से माहौल बिगड़ा जाए।

### जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में कांग्रेस की जीत तय



**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। भाजपा के नेता अपनी नाकामी को छुपाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दिए गए बयानों की निंदा करते हुए पायलट ने कहा कि भाजपा नेताओं के अमर्यादित और अनर्गल बयानबाजी का जवाब देश की जनता देगी और जम्मू-कश्मीर व हरियाणा के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को विजयी बनाएगी। पायलट भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए बयानों के विरोध में टोंक में आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे।

**'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना'** प्रथम वर्षगांठ पर आरआईसी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# कारीगरों और शिल्पकारों को नए अवसर दे रही है योजना: दिया

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की प्रथम वर्षगांठ पर कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय (एमएसडीई) भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को वर्धा महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम से आईटीआई जयपुर से योजना अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थी वर्चुवली जुड़े। डिप्टी सीएम दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हुनरमंद कलाकार एक साल पहले यह सोच भी नहीं सकते थे कि उनके उत्थान के बारे में कोई सोचता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' को शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन अनुसार इस योजना की शानदार सफलता का एक साल पूरा होना गर्व का विषय है। 18 पारंपरिक कलाओं से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। यह समारोह इस योजना की सफलता की कहानी बता रहा है। हाथ के कारीगरों, हुनरमंद कलाकारों के लिए योजना वरदान साबित हो रही है। छोटे स्तर पर काम करने वाले इन कारीगरों एवं शिल्पकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच हुनर से होगा देश का नवनिर्माण इस योजना के माध्यम से साकार हो रही है। यह एक ऐसी योजना है जिससे हुनरमंद हाथ के कारीगरों को, कलाकारों को एक बार ही नहीं अपितु बार-बार लाभ होगा। प्रधानमंत्री वोकल फोर लोकल' की सोच के साथ देश को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा हुनर मंद लोगों को योजना की जानकारी दी जाए, ताकि वो इस योजना से जुड़कर लाभ उठा सकें और आगे बढ़ सकें।



### 'विरासत भी विकास भी'

इस अवसर पर जयपुर शहर की सांसद श्रीमती मंजू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' शुरू की है। इसका उद्देश्य 'विरासत भी विकास भी' है। सांसद ने कहा कि माल बनाने में मदद करने के बाद उस माल को बेचने का अवसर दिया जा रहा है। डिजिटल पेमेंट किया जाता है। समाज में आसपास वालों को इस योजना से जुड़ने के लिए योजना की जानकारी दी जावें। उन्होंने कहा कि इस योजना खुद जाने और दूसरों को इसकी जानकारी दें। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा चल रहा है। हम प्रधानमंत्री की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। विश्वकर्मा योजना का सुफल पक्ष है कि पारंपरिक कलाओं को उन्नति का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अहिल्या बाई होल्कर और आचार्य चाणक्य के नाम से योजनाएं शुरू की गई है।

**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े** ने संगोष्ठी को किया संबोधित, कहा...

# 'आपसी विश्वास से ही होगा सबका साथ-सबका विकास'

■ जीजीटीयू द्वारा आयोजित की गई गोष्ठी

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि आजादी के एक सौ साल पूरे होने पर विकसित भारत 2047 की संकलप्ना केवल विचार मात्र नहीं अपितु हम सभी भारतीयों का परम उद्देश्य और ध्येय होना चाहिए। यह उज्वल और स्वर्णिम भारत न केवल सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिक, समृद्धि का प्राप्त होगा बल्कि इसमें सर्व समावेशी विकास, सांस्कृतिक वैभव और उच्च नैतिकता से समुन्नत जीवन भी प्राप्त होगा। इस ध्येय को प्राप्त करना हम सभी का पुनीत दायित्व है और यह तभी प्राप्त होगा जब ऐसे सुनहरे भविष्य को प्राप्त करने की दिशा में हम सभी अपना संपूर्ण योगदान करेंगे। सबके सद्प्रयासों और आपसी विश्वासों से ही सबका साथ-सबका विकास होगा और इसी से हम समर्थ और सशक्त देश का निर्माण कर सकेंगे।

राज्यपाल शुक्रवार को जीजीटीयू द्वारा आयोजित गोष्ठी 'भविष्य का भारत और हमारा योगदान' (विकसित भारत/2047) के विशेष संदर्भ में विषयक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश का समृद्ध अतीत इस बात का साक्षी है कि शक्तिपुंज युवाओं ने देश की दिशाएं तय की है। आज के युवा को न केवल अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टि से संपन्न बनना पड़ेगा अपितु नैतिक रूप से भी समृद्ध और राष्ट्रप्रेमी बनना पड़ेगा। इस लक्ष्य की पूर्ति में उच्च शिक्षा केंद्र सबसे बड़े माध्यम बन सकते हैं। आज युवाओं को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी ही होंगी। स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस के जीवन चरित आज प्रेरक होने चाहिए। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन के प्रारंभ में पूज्य गोविंद गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गोविंद गुरु महामानव थे, जिन्होंने न केवल विदेशी हुकूमत के खिलाफ एक सशक्त जन-आंदोलन खड़ा कर लोकशाही की स्थापना में अमूल्य योगदान किया अपितु 'संप सभा' आदि के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई और युगीन सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों का उन्मूलन किया।



### विकास और सेवा की पाठशाला स्वयं के जीवन से ही

राज्यपाल ने देश के प्रथम लोकसभा स्पीकर जीवी मावलंकर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस समय एक उच्च शिक्षित युवा स्वयं को अर्थशास्त्र का उच्च विद्यार्थी मानता था और देश के आर्थिक विकास में, नियोजन में अपना योगदान देने की भावना से इच्छा रखता था, लेकिन अपने रोज के खाने की थाली में ही अन्न झूठा छोड़ देता था। तब कहा गया कि देश के विकास की योजना और विचार रखने वाला खुद के भोजन की थाली झूठा छोड़ सकता है, खुद का नियोजन नहीं कर सकता वह व्यक्ति देश का क्या नियोजन कर सकेगा। इसलिए अपनी योजना की शुरुआत स्वयं अपने जीवन के करनी होगी।



## समाज और देश हित के सेवा कार्यों में अग्रणी पहचान बनाएं

**जयपुर/बांसवाड़ा।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों तथा सेवा एवं संस्कार से जुड़े आयामों को सुदृढ़ बनाने के लिए सेवा तथा परोपकार की भावना से आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में स्काउट गाइड आंदोलन के कार्य अनुकरणीय एवं प्रेरक हैं। राज्यपाल ने बांसवाड़ा के निकट लोधा में शुक्रवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा एकलव्य छात्रावास में आयोजित पांचवें राज्यस्तरीय जनजाति महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। यह



महोत्सव 23 सितंबर तक चलेगा। राजस्थान राज्य भारत गाइड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय जनजाति महोत्सव का उद्घाटन राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में विधिवत किया गया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि समाज और देश के नवनिर्माण, सेवा और सौहार्द से लेकर समाज हित के कार्यों में हमेशा अग्रणी पहचान रखता है। राजस्थान में स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य गौरव की बात है।

राज्यपाल ने सभी उपस्थितजनों को पांचवे जनजाति महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि स्काउट गाइड संगठन के सेवा कार्य और समाज तथा देश के कामों के प्रति तत्परता से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

**पुलिस कमिश्नर ने जारी किया आदेश**

## जयपुर के 32 पुलिस निरीक्षकों को किया इधर-उधर




बेधड़क | जयपुर

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार देर रात को एक आदेश जारी करते हुए 32 पुलिस निरीक्षकों को इधर-उधर किया है।

आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक संग्राम सिंह को थाना मालवीय नगर, ममता मीणा को बजाज नगर, उदय सिंह को कानोता, लक्ष्मीनारायण को तुंगा, शेष नारायण को जवाहर नगर, धर्म सिंह को आदर्श नगर, राजकुमार मीणा को गांधी नगर, हरीश चंद सोलंकी को करधनी, रतन सिंह को कालवाड (कार्यवाहक), मोती लाल शर्मा को बगरू,संदीप बसेरा को एयरपोर्ट (कार्यवाहक), मनीष गुप्ता को भांकरोटा, दिलीप खदाव को शास्त्रीनगर, हवा सिंह को जालुपुरा, सुभाष चंद को सुभाष चौक, हरिओम को संजय सर्किल (कार्यवाहक) देवेंद्र प्रताप वर्मा को रामगंज, पूनम कुमारी को विधायकपुरी,राजूराम बामनिया को चाकसू, दलबीर सिंह को श्याम नगर, महावीर सिंह यादव को सांगानेर सदर, उदयभान को हरमाड़ा, महेश कुमार को पुलिस कमिश्नरेट जयपुर अपराध शाखा, वीरेंद्र सिंह को पुलिस कमिश्नरेट जयपुर अपराध शाखा, कैलाश चंद मीणा को यातायात निरीक्षक (तृतीय) दक्षिण क्षेत्र, शेषकरण बारहठ को पुलिस कमिश्नरेट जयपुर आसूचना एवं सुरक्षा शाखा, कैलाश दान को रिर्जव पुलिस लाइन जयपुर, गौतम डोटासरा को नाहरगढ़, कमल नयन मोयल को यातायात निरीक्षक (तृतीय) पश्चिम क्षेत्र, राजेंद्र खंडेलवाल को रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर, अनिल कुमार यादव को रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर और अजय सिंह मीणा को यातायात निरीक्षक (तृतीय) पूर्व क्षेत्र में लगाया गया है।

**गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम बोले...**

## नहीं बख्शे जाएंगे अपराधी

**जयपुर।** गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे होने के कारण श्रीगंगानगर में कानून व्यवस्था पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। नशे के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई हो रही है। समाज विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

गृह राज्यमंत्री शहर के हनुमागनढ़ रोड पर टांटिया यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को हुए लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को अपराध मुक्त बनाने का कार्य जारी है। उन्होंने टांटिया यूनिवर्सिटी से जुड़े जनसेवा हॉस्पिटल व अन्य संस्थानों का अवलोकन भी किया। इससे पहले राज्यमंत्री बेढम ने जन सेवा हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें मिलने वाले उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संस्थान आयुष्मान भारत एवं स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रमों का भली प्रकार से संचालन कर रहा है। उन्होंने बुजुर्गों और विशेष योग्यजनों से भी बातचीत कर संस्था की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों को सराहा।

**विधानसभा अध्यक्ष ने महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को किया संबोधित**

# देश को सही अर्थों में आगे ले जाएगी नई शिक्षा नीति: वासुदेव देवनानी

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नई शिक्षा नीति राष्ट्र को सही अर्थों में विकास के पथ पर अग्रसर करेगी। भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का संकल्प लिया है, नई शिक्षा नीति इस उद्देश्य पर खरी उतरेगी। नई शिक्षा नीति सच्चे अर्थों में भारतीय जनमानस, नवीन विद्या पद्धतियों एवं विपुल भारतीय ज्ञान पद्धति का प्रतिनिधित्व करती है।

वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र की सशक्त सरकार का गठन हुआ। ऐसी सरकार जो विचारधारा की दृष्टि से प्राचीन भारतीय जीवन मूल्यों, आदर्शों, परंपराओं एवं प्रथाओं के साथ-साथ भारत को 'भारत माता' मानने वाली सरकार है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के उपरांत प्रारंभ से ही शिक्षा व्यवस्थाओं में बदलाव अपेक्षित था। अंग्रेजों के शासन के लगभग 200 साल के दौरान शिक्षा व्यवस्था में जो विचारधारा विकसित हो चुकी थी, उसमें बदलाव अपेक्षित, प्रासंगिक, सामयिक एवं आवश्यक था। नवीन शिक्षा नीति को लागू करने से पूर्व शैक्षिक स्तर पर, आमजन के स्तर पर, शिक्षण संस्थाओं में सुझाव आमंत्रित किए गए थे एवं उन सभी सुझावों को ध्यान में रखकर यह लागू की गई।



### बौद्धिक कौशल एवं व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं शिक्षण संस्थान

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शिक्षण संस्थान बौद्धिक कौशल एवं व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं। शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थान भारत केंद्रित, विद्यार्थी केंद्रित, तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक अवधारणाओं से युक्त ज्ञान का प्रचार प्रसार करेंगे। उसी से भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनस्थापन होगा एवं राष्ट्रीय पुनरूत्थान के लिए भारत को 'द ट्रेजरी ऑफ नॉलेज' के रूप में स्थापित किया जाएगा।

### भविष्य का विजन किया साझा

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजयमेरु प्रेस क्लब में अजमेर के विकास के लिए किए गए कार्यों के साथ भविष्य का विजन साझा किया। इसमें उन्होंने अजमेर के विकास में किए गए कार्यों के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं का खाका साझा किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत से अधिक कार्य आरंभ हो गए है। तेलंगाना हाऊस का आवटन निरस्त किया गया है। साइंस पार्क को पुनः स्वीकृत करवाकर अपग्रेड करते हुए बी-2 श्रेणी के लिए शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि अजमेर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी प्रकार योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय भी खुलेगा।

## जरूरी खबर

### पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में संविदा कर्मियों का हंगामा



**जयपुर।** करीब ढाई माह से वेतनमान नहीं दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में संविदा कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। बाद में बोर्ड में उच्च स्तर पर अधिकारियों से मुलाकात और आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौटे। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय से ठेकेदार और प्रशासन की ओर से हमे वेतनमान नहीं मिल रहा। कई बार लेटर लिखने के बाद भी वेतनमान नहीं मिलने से नाराज होकर कर्मचारी काम छोड़कर बाहर आ गए और काम बंद कर दिया। ऑफिस के बाहर पहुंचे कम्प्यूटर ऑपरेटर, चतुर्थ श्रेणी और ड्राइवर समेत 50 कर्मचारियों ने काम बंद करने के बाद नारेबाजी शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए।

### 105 KG प्लास्टिक जब्त, 50 हजार कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50200 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया है और 105 किलो प्लास्टिक जब्त की है। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य दलीप पूनिया ने बताया कि शुक्रवार को निगम दस्ते ने किशनपोल बाजार में छापा मारकर एक गोदाम से प्लास्टिक जब्त की, जिसमें टीम ने 105 किलो प्लास्टिक जब्त की और 21000 रुपए का चालान किया। वहीं, निगम की सीएसआई टीम ने गंदगी फैलाने पर 25900 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 3300 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया है। उपायुक्त पूनिया ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन के इसके बजाए कपड़े या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

23 से 26 सितंबर तक अभियान चलाकर नमूने लेगा खाद्य सुरक्षा विभाग

# मंदिरों में चढ़ाई जाने वाली भोग-प्रसादी की भी होगी जांच

बेधड़क | जयपुर

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की ओर से मंदिरों में प्रसाद चेक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। 23 से 26 सितंबर तक मंदिर में सवामणी और नियमित रूप से दिए जाने वाले प्रसाद के नमूने लिए जाएंगे। तिरुपति मंदिर के लड्डु में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने के विवाद के बाद विभाग यह कदम उठाने जा रहा है।

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत यह जांच की जाएगी। इसमें सभी बड़े



मंदिर, जहां रोजाना प्रसाद भोग के रूप में बनाया जाता है, उन सभी में विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

### सर्टिफिकेट के लिए आए 54 मंदिरों के आवेदन

प्रदेश के 54 मंदिर ऐसे हैं, जहां सं भोग सर्टिफिकेट के लिए आवेदन आए हुए हैं। उनके भी वेरिफिकेशन की कार्रवाई की जाएगी। प्रसाद की गुणवत्ता के साथ गंदगी, हाइजीन का भी निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए राजस्थान के संबंधित सभी विभागों को जानकारी दी जा रही है। विशेष टीम बनाकर यह अभियान चलाया जाएगा।

### मानकों की पालना करने वालों को ही मिलेगा सर्टिफिकेट

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने इट राइट इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत भोग के लिए एक सर्टिफिकेशन स्कीम शुरू की है। इस स्कीम के तहत, धार्मिक स्थलों पर प्रसाद बेचने वाले वेंडर्स और खाने-पीने की चीजों का सर्टिफिकेट दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र खाद्य सुरक्षा के मानकों और हाइजिन सेनेटाइजेशन की पालना करने वाले मंदिरों-धार्मिक स्थानों को दिया जाता है।

### अनिवार्य नहीं है यह स्कीम

पंकज ओझा ने बताया कि इस स्कीम का मकसद धार्मिक स्थलों पर स्व-अनुपालन बढ़ाना है। इस स्कीम के तहत मिलने वाला सर्टिफिकेट जारी होने की तारीख से दो साल तक लागू रहता है। इस स्कीम के तहत फंडिंग की जिम्मेदारी धार्मिक स्थल की अथॉरिटी, राज्य का संबंधित विभाग या कॉरपोरेट कर सकता है। निर्धारित मानकों का उचित पालन नहीं होने पर सर्टिफिकेट कैंसिल भी किया जा सकता है।

### प्रदेश में 14 मंदिरों के पास भोग का प्रमाण पत्र

राजस्थान में अब तक 14 धार्मिक स्थलों-मंदिरों के पास भोग का प्रमाण पत्र है। राजस्थान में जयपुर का श्री मोती डूंगरी गणेश मंदिर प्रथम भोग प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला प्रथम धार्मिक स्थान है। इसके अलावा जयपुर में इस्कॉन मंदिर, अक्षय पात्र, अलवर का सुखसागर गुरुद्वारा और सुखधाम गुरुद्वारा तथा भरतपुर का बिहारी जी मंदिर भी इन मंदिरों में शामिल है। इस प्रकार का प्रमाण पत्र प्राप्त धार्मिक स्थान पर दिए जाने वाला प्रसाद एफएसएसएआई के मानकों एवं गुणवत्ता की सुनिश्चित्ता को प्रमाणित करता है।

प्रमुख शासन सचिव गालरिया ने किया दौरा, सफाई के दिए निर्देश

# डेढ़ महीने में होगा द्रव्यवती का कायाकल्प, फिर निखरेगी नदी

बेधड़क | जयपुर

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने जेडीए और निगम अधिकारियों को द्रव्यवती नदी में बह रहे सीवरेज के पानी को रोकने के साथ ही बदहाल और बदबूदार हो चुकी नदी को 45 दिन में साफ करवाने के आदेश दिए हैं। गालरिया शुक्रवार को द्रव्यवती नदी का दौरा करने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट सबमिट से पहले जयपुर शहर की सभी सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इसके लिए एक्शन प्लान तैयार कर काम शुरू कर किया जा चुका है। गालरिया ने कहा कि द्रव्यवती नदी में सुशीलपुरा के नजदीक सीवरेज का पानी आ रहा है। जहां सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना था, लेकिन कुछ लोग इस मुद्दे पर कोर्ट स्टे लेकर आ गए हैं। ऐसे में हमारे वकील कोर्ट में मजबूती से इस मामले को रखेंगे, ताकि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का जल्द से जल्द निर्माण होकर द्रव्यवती में जाने वाले सिवरेज के पानी को रोका जा सके।



### समिट से पहले सही होंगी सड़कें

गालरिया ने कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट से पहले जयपुर की सभी सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इस बार जयपुर में काफी ज्यादा बारिश हुई है, जिसकी वजह से सड़कों की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पूरे शहर में अभियान के तहत सड़कों का नवीनीकरण और मरम्मत कार्य किया जाएगा।

### अपशिष्ट पदार्थ भी पहुंच रहे हैं नदी में

उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान द्रव्यवती नदी के आसपास काफी कॉलोनी में पानी भर जाता है, जिसे रोकने के लिए पानी को द्रव्यवती नदी में आने दिया जाता है। ऐसे में पानी के साथ बड़ी संख्या में गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ भी द्रव्यवती नदी में पहुंच रहे हैं। इसे रोकने के लिए भी प्रॉपर प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के एक्सपर्ट इंजीनियर जल्द ही ठोस रणनीति के तहत काम करेंगे। इसके साथ ही जो पानी फिलहाल द्रव्यवती नदी में बह रहा है। वह भी काफी गंदा और बदबूदार है। ऐसे में अगले 45 दिनों में इस द्रव्यवती नदी में बहने वाले पानी को साफ किया जाएगा।

### जेडीए और दोनों नगर निगमों के अधिकारी मिलकर करेंगे काम

इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम हेरिटेज और नगर निगम ग्रेटर तीनों के अधिकारी मिलकर एक्शन प्लान के तहत काम करेंगे। जिसमें न सिर्फ सीवरेज के पानी को साफ करेंगे, बल्कि द्रव्यवती नदी के वाक-वे में ग्रीनरी और लाइट पोल समेत तमाम मेंटेनेंस के काम को भी दुरुस्त किया जाएगा।

शहर कांग्रेस ने फूंका बीजेपी का पुतला

# मोदी डरते हैं कि कहीं राहुल गांधी प्रधानमंत्री न बन जाएं: तिवाड़ी



बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत बीजेपी नेताओं द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए बयान के विरोध में शुक्रवार को बड़ी चौपड़ पर जयपुर शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी का पुतला भी जलाया।

इस मौके पर जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी ने कहा कि आज देश का प्रधानमंत्री अंधा,बहरा और गूंगा हो गया है। ये लोग हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव में हार को देखते हुए बौखला गए हैं। वहीं इस तरह की बयानबाजी करके देश की जनता का ध्यान डायवर्ट करना चाहते हैं। तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बदले की आग में जल रहे हैं, वो राहुल गांधी से डरते है। उन्हें लगता है कि राहुल गांधी कहीं प्रधानमंत्री नहीं बन जाए।

पीएम मोदी एक तानाशाह की तरह अपनी गद्दी नहीं छोड़ना चाहते हैं, लेकिन हम कहना चाहते है कि देश में लोकतंत्र है। राहुल गांधी एक दिन देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन आज वो देश में इनके द्वारा फैलाई गई नफरत को खत्म करने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी उस परिवार से है, जिसमें इंदिरा गांधी ने विश्व का भूगोल बदलकर एक नया राष्ट्र खड़ा कर दिया। राजीव गांधी ने अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खुद को बलिदान कर दिया। ऐसे व्यक्ति पर इस तरह के आरोप लगाना शर्मनाक है।

मुनि प्रणम्य सागर का पार्श्वनाथ पुराण वाचन

# 28 मूल गुणधारी होते हैं सच्चे मुनि

बेधड़क | जयपुर

आचार्य विद्यासागर के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन करते हुए बताया कि 22 परिषह जो मुनिराजों के उत्तर गुणा होते हैं वो उन्हें सहन करते हुए अपने 28 मूल गुणों को दृढ़ करते हैं। हम धार्मिक आयोजन जैसे पूजा विधान, दशलक्षण इत्यादि अभव पूर्वक मनाते हैं पर उत्साह पूर्वक नहीं मनाते। हमें इन्हें उत्सव व आनन्द पूर्वक मनाना चाहिए। शांतिनगर जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण



किया। समिति उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटौदी, विजय झांझरी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन व कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटोदी ने बताया कि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शनिवार सुबह 8:15 बजे श्रीपार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा।

मेंटेनेंस के कारण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक की जाएगी कटौती

# आज 50 इलाकों में 8 घंटे रहेगी बिजली गुल

बेधड़क | जयपुर

मेंटेनेंस के कारण 50 से अधिक इलाकों में शनिवार को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक श्री विहार, क्लार्कस आमेर, शमशान घाट जवाहर सर्किल, सहकार मार्ग, बापू मार्ग, राजफेड कैंटीन, इटीवी राजस्थान, न्यूज 18, रामबाग सर्किल के आसपास, पानीगृह भवानी सिंह रोड, JP चौराहा, पानी की टंकी महेश नगर बी ब्लॉक, हथरोई बावड़ी, फिरोज मीट अजमेर रोड, यामाहा शोरूम के आसपास, मिशन कंपाउंड, जमुना विहार, वसुंधरा कॉलोनी, गोपालपुरा



के आसपास, महावीर नगर सेकंड पार्क के आसपास, मंगल विहार, गोकुल वाटिका जीएसएस के पास, संत किशन राय आश्रम रानीसती नगर, गली न. 8 रानीसती नगर, साई कृपा मार्बल के पास पार्वती नगर, निर्माण नगर विस्तार, जगतपुरा के राजीव गांधी नगर, मां वैष्णो पुरम, दीपक नगर, आर सी एन्क्लेव, नन्द बिहार, शान्ति एन्क्लेव, निवर रेलवे फाटक गोनेर और आस पास बिजली बंद रहेगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ग्रांड विस्टा, जेनेसिस, कनक वृंदावन, शिव विहार, भुवनेश्वर वाटिका, इंद्रा माई की कोठी, सरोज कुमारी फार्म हाउस, शक्ति सरोवर, नारायण विहार टी ब्लॉक, नियर भाकर गार्डन, रणजीत नगर, आर के पुरम, लाल मंदिर, सफ़ेद मंदिर, मेजर बने सिंह कॉलोनी, चिंकारा कॉलोनी, आनंद नगर, लायंस लेन, अमर नगर, ऑफिसर कैंपस और आस पास बिजली बंद रहेगी।

दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक गोकुल वाटिका, होटल मैरियट, जवाहर सर्किल JLN मार्ग, भवानी सिंह रोड, सुभाष मार्ग, उद्योग भवन, एसबीआई बैंक, अम्बेडकर सर्किल चौराहा जनपथ रोड, जनकपुरी।, चन्द्र कृपा गार्डन बी ब्लॉक महेश नगर, नाथ हॉउस, चौमू हॉउस, स्वेज फार्म डेरी के पास, महावीर नगर ॥ सिडलिंग स्कूल के पास, गणेश विहार, गोकुल वाटिका पंचशील एन्क्लेव के पास, श्याम नगर सी ब्लॉक, निर्माण नगर डिस्पेंसरी के पास रानीसती नगर, कस्तूरबा नगर मोहन मार्ग शिव मंदिर के पास, और आसपास बिजली बंद रहेगी। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चैक करोल, करोल बिला, गायत्री एन्क्लेव, मंडला गांव, कृप बिहार, शिव सागर और आस पास बिजली बंद रहेगी।

हेरिटेज निगम का 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

# बच्चों को स्वच्छता की सीख, आमजन को दिए कचरा प्रबंधन के टिप्स

बेधड़क | जयपुर


नगर निगम जयपुर हेरिटेज के हवामहल आमेर जोन में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत वार्ड 08 गांधी कॉलोनी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी के साथ रहवासियों को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान सभी नागरिकों से अपील कि वे अपने घर में दो डस्टबिन रखें और कचरे को गीला व सूखा अलग-अलग कर, केवल कचरा गाड़ी में ही डालें। साथ ही, जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना योगदान दें और नगर निगम का सहयोग करें। अभियान में वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षक और पीआईयू टीम भी मौजूद रही।




### कचरा स्वच्छता रथ में ही डालने की प्रेरणा

वहीं आर्दश नगर जोन में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत वार्ड नंबर 94 में फतेह टीबा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में निगम टीम के द्वारा स्वच्छता की पाठशाला लगाई गई। इसमें छात्र छात्राओं को सूखा और गीले कचरे के बारे में समझाइश की गई और कचरे को स्वच्छता रथ में ही डालने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। सभी बच्चों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों व बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया। उनसे अपील की गई कि वे अपने घर और दुकान पर दो डस्टबिन रखकर अपने घर-दुकान के कचरे को अलग-अलग कर कचरे को स्वच्छता रथ में ही डालें।



### 75 निराश्रित गोवंश को पकड़कर पहुंचाया गोशाला

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने शुक्रवार को परकोटे में विचरण कर रहे 75 से अधिक निराश्रित गो वंश को पकड़ कर हिंगोनिया गोशाला में पहुंचा दिया।

पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में निराश्रित गो वंश के विचरण करने की शिकायतें आ रही थी। इस पर निगम टीम ने शुक्रवार को चौगान स्टेडियम के पास, ताल कटोरा कालोनी, ब्रह्मपुरी, कंवर नगर, जनता कालोनी आदि इलाकों में घूम रहे निराश्रित गोवंश को पकड़ कर हिंगोनिया स्थित गोशाला में भिजवा दिया।

उपायुक्त शर्मा ने बताया कि कार्रवाई में सतर्कता शाखा और स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। वहीं, उन्होंने बताया कि हेरिटेज क्षेत्र में कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसके लिए निगम टीम लगातार क्षेत्र में निरीक्षण कर कार्रवाई करेगी।

**जरूरी खबर**

### चाकसू में कॉलेज छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान



**चाकसू।** चाकसू के वार्ड 4 में एक कॉलेज छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। थानाप्रभारी कैलाश दान ने बताया कि मृतक 17 वर्षीय छात्रा गरिमा पुत्र नवीन बारौलिया (एडवोकेट) शुक्रवार शाम को कॉलेज से घर लौटकर अपने कमरे में चली गई। छात्रा ने कमरे में चुन्नी से फंदा लगा लिया। परिजन छात्रा को तत्काल चाकसू उपजिला लेकर जंहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय मोर्चरी में रखवाया हैं।

### अजमेर में कार हादसा, तीन दोस्तों की हुई मौत

**अजमेर।** अजमेर में शुक्रवार दोपहर बाद एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में पुष्कर के तीन लोगों की मौत हो गई। अजमेर के नारेली के पास स्विफ्ट कार डिवाइडर से टकराकर ट्रेलर से जा भिड़ी। इस हादसे में स्विफ्ट में सवार पुष्कर देवनगर निवासी तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। इस हादसे में देवनगर निवासी संजय (22), बासेली निवासी मनीष (20) पुत्र लादू मेघवंशी और गुवारड़ी निवासी प्रकाश (25) की मौत हो गई। जबकि भागचन्द (24), दीपक (25),आकाश (23) घायल हो गए। सभी दोस्त मनीष का जन्मदिन मनाने निकले थे और हादसे का शिकार हो गए।

### कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर दिया धरना



**झालावाड़।** राहुल गांधी पर भाजपा के राज्यसभा सांसद और केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से कांग्रेस नाराज है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को झालावाड़ में कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बिट्टू को राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग भी की गई। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि राहुल गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर देश भर के कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को अपमानित और आहत महसूस कर रहे हैं।

**ट्रेन दुघर्टना के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए किया अभ्यास**

## ट्रेन एक्सीडेंट की सूचना से मचा हड़कंप, रेलवे ने की मॉकड्रिल

**बेधड़क** | दौसा



दौसा के बांदीकुई में उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से शुक्रवार को ट्रेन दुघर्टना के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल हुई। मॉकड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आरपीएफ, जीआरपी व रेलकर्मियों ने हिस्सा लिया। मॉकड्रिल के दौरान ट्रेन दुघर्टना का पूरा माहौल बनाया गया। इस दौरान ट्रेन के दो डिब्बे S3 और S4 पटरी से उतरकर एक दूसरे के उपर चढ़ गए। ऐसे में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आरपीएफ, जीआरपी मौके पर पहुंची। वहीं शहर में अचानक सायरन बजती गाड़ियों की आवाज सुनकर शहरवासी भी चौंक गए। वहीं जंक्शन पर मौजूद यात्री सहम गए, लेकिन रेलवे की मॉकड्रिल की सूचना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों में ट्रेन दुघर्टना की खबर आग की तरह फैल गई। सूचना मिलने पर लोग मौके पर जुटने लगे। बाद में प्रशासन ने लोगों को मामले से अवगत करवाया।

### सायरन बजाकर किया अलर्ट

मॉकड्रिल के लिए जंक्शन पर अचानक तेज आवाज में इमरजेंसी सायरन बजाकर रेल प्रशासन को अलर्ट किया गया. वहीं बरेली एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतरने की सूचना दी गई. इस दौरान मौके पर स्थानीय जीआरपी थाना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पहुंची। वहीं मौके पर आरपीएफ, रेलकर्मी, मेडिकल टीम, एंबुलेंस के रेलवे के अधिकारी भी पहुंच गए।

### डिब्बों में फंसे लोगों का किया रेस्क्यू

इस दौरान एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और रेलकर्मियों ने बल और कौशलपूर्वक डिब्बे में फंसे लोगों को सावधानीपूर्वक बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। साथ ही डिब्बों को काटकर लोगों को बाहर निकालने में फुर्ती दिखाई. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना राहत और बचाव कार्य के लिए विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित करने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है. जिससे किसी भी समय हादसों में होने वाले घायलों को समय पर उपचार मिल सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

**आरएएस प्रियंका विश्नोई की मौत का मामला**

## जोधपुर डॉक्टर्स की रिपोर्ट के बाद उच्च स्तरीय जांच के निर्देश

- जांच कमेटी ने रिपोर्ट में वसुंधरा हॉस्पिटल पर उठाए सवाल
- आगे की जांच करेगा पांच सदस्यीय डॉक्टर्स का पैनल

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर की असिस्टेंट कलेक्टर रहीं प्रियंका विश्नोई (33) की मौत के मामले की जांच रिपोर्ट शुक्रवार को कलेक्टर गौरव अग्रवाल को सौंप दी गई है। इस रिपोर्ट में जोधपुर के वसुंधरा हॉस्पिटल की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। जिसके बाद सरकार इस मामले की हाई लेवल जांच कराएगी। इसके लिए पांच डॉक्टर्स की कमेटी बनाई गई है। इसमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज के तीन डॉक्टर्स को भी शामिल किया गया है। ये पैनल शनिवार को जोधपुर जाएगा।

बता दें कि आरएएस प्रियंका बिश्नोई मौत प्रकरण की जांच के लिए कलेक्टर की ओर से जोधपुर के एसएन मेडिकल कॉलेज के एक्सपर्ट की टीम बनाई गई थी। इस टीम में गायनिक विभाग से डॉ. रंजना देसाई, मेडिसिन से डॉ. इंदू थावानी, सर्जरी से डॉ. विजय वर्मा, न्यूरोलॉजी से डॉ. रेणू चौधरी, एनेस्थीसिया से डॉ. शिखा सोनी को शामिल किया गया था। इस समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट कलेक्टर गौरव अग्रवाल को सौंपी। सुत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में अस्पताल की लापरवाही की बात कही है। पैनल ने यह भी कहा है कि अस्पताल के कार्मिकों के बयान मेल नहीं खा रहे हैं। जिसके बाद प्रशासन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए।



### बुधवार देर रात प्रियंका का निधन

आरएएस प्रियंका बिश्नोई का 5 सितंबर को जोधपुर के वसुंधरा हॉस्पिटल में बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई थी। परिवार वाले उन्हें सिम्स (अहमदाबाद) ले गए थे। 13 दिन चले इलाज के बाद बुधवार देर रात अहमदाबाद के हॉस्पिटल में प्रियंका विश्नोई का निधन हो गया था। परिवार ने वसुंधरा हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। इधर, गुरुवार को जब उनका पार्थिव शरीर जोधपुर पहुंचा तो समाज और परिजन हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़ गए थे। गुरुवार शाम को ही फलोदी के सुरपुरा गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

### कलेक्टर बोले- रिपोर्ट की करेंगे स्टडी

जोधपुर मेडिकल एक्सपर्ट की टीम ने शुक्रवार को अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर गौरव अग्रवाल को सौंप दी। हालांकि जांच में क्या सामने आया इसकी जानकारी कलेक्टर ने नहीं दी है। कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया- प्रियंका विश्नोई के इलाज को लेकर जांच के लिए एक कमेटी एसएन मेडिकल कॉलेज की ओर से बनाई गई थी। यह रिपोर्ट एसएन मेडिकल कॉलेज कमेटी की ओर से सब्मिट कर दी गई। रिपोर्ट में पेशेंट के निजता और आगे की जांच को ध्यान में रखते हुए पूरा खुलासा नहीं किया जा सकता है। रिपोर्ट की स्टडी की जा रही है। इसके बाद पूरी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज रहे हैं। यदि लगता है कि मामला गंभीर है तो उस पर गंभीरता से कार्रवाई की जा सके। इसलिए इसे राज्य सरकार को भेजा जा रहा है।

### 2016 बैच की आरएएस अफसर थीं

प्रियंका 2016 बैच की राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस(आरएएस) की अफसर थीं। उनका ट्रांसफर पिछले दिनों नगर निगम उपायुक्त पद पर हुआ था, लेकिन अस्पताल में होने की वजह से वे जॉइन नहीं कर पाई थीं।

**पोकरण फायरिंग रेंज में बड़ा हादसा**

## युद्धाभ्यास के दौरान अचानक फटा मोर्टार

- हादसे में तीन जवान घायल



**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार को युद्धाभ्यास के दौरान हादसा हो गया। मोर्टार बम के फटने से बीएसएफ के तीन जवान जख्मी हो गए, जिन्हें आनन-फानन में उपतीन के लिए पोकरण के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल अस्पताल में तीनों जवानों का इलाज चल रहा है।दरअसल, भारतीय सेना की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार को दोपहर के दौरान ये हादसा हुआ। वहीं, इस हादसे की सूचना के बाद एकदम से हड़कंप मच गया। बीएसएफ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मोर्टार गन से फायर करने के दौरान अचानक बम फट गया। इस हादसे में बीएसएफ के तीन जवान उदय, सुविमल और अभिषेक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें बीएसएफ के सीओ रणवीर सिंह खुद अस्पताल तक पहुंचे और हादसे में जख्मी जवानों से पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं, जवानों को प्राथमिक उपतीन के बाद पोकरण के राजकीय अस्पताल लाया गया।

**पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई**

## जयपुर कलेक्टर सोनी ने सुनी समस्याएं

**बेधड़क** | चाकसू



जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी शुक्रवार को चाकसू कस्बे में पहुंचे। कलेक्टर ने चाकसू स्थित पंचायत समिति सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शिरकत की। विधायक रामावतार बैरवा की मौजूदगी कलेक्टर ने आमजन से रूबरू होकर जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क अतिक्रमण समेत कई समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की परिवेदना सुनकर मौके पर ही अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिए। करीब दो घंटे चली जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर एक्शन में नजर आए। कलेक्टर ने जन समस्याओं को लेकर शीघ्र समाधान को लेकर संबंधित अधिकारी को पाबंद किया। साथ हीं पानी की समस्याओं को लेकर PHED के अधिकारियों को शख्त निर्देश दिए। इस दौरान परिवेदना लेकर बड़ली गांव से पहुंची महिला जिला कलेक्टर के सामने फफक-फफक कर रो पड़ी। उसने हाथ जोड़कर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने महिला की परिवेदना सुनी। महिला ने बताया कि गत दिनों बड़ली गांव में तालाब पर करंट से 3 बालकों की मौत के बाद प्रशासन द्वारा विद्युत लाइन शिफ्ट करने, पीड़ित परिवार को संविदा पर नोकरी देने और मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नही की गई।

**चाकसू के कोटखावदा में भाजपा की बैठक**

## BJP सदस्यता अभियान को गति देने का आह्वान

**बेधड़क** | चाकसू



भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत लोगों को पार्टी में जोड़ने का सिलसिला जारी है। अभियान को लेकर शुक्रवार को मंडल कोटखावदा के कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। इसमें सदस्यता अभियान के प्रभारी पूर्व मंत्री कन्हैयालाल मीणा उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्रवणलाल, गुर्जर, प्रधान पंचायत समिति कोटखावदा प्रहलाद मीना, मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री कन्हैयालाल मीणा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सदस्यता महाभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना होगा एवं अभियान को सर्वव्यापक एवं सर्वस्पर्शी बनाना होगा, ताकि भारतीय जनता पार्टी का 'सबका विकास सबका, प्रयास सबका विश्वास' का नारा सार्थक हो सके।


### चाकसू को नंबर वन बनाएं

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि विधानसभा चुनाव में जैसे प्रचंड बहुमत से ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई थी। उसी तर्ज पर सदस्य अभियान में भी चाकसू विधानसभा क्षेत्र नंबर वन पर लाने का आप प्रयास करें और चाकसू विधानसभा को सदस्यता महा अभियान में विधानसभा की तर्ज पर जयपुर जिले में नंबर वन बनाकर रिकॉर्ड बनाएं। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्रभारी व सेक्टर प्रभारी बनाकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

**पैंथर के हमले में 36 घंटे में 3 लोगों की मौत**

## उदयपुर में आदमखोर पैंथर की दहशत, फिर एक महिला का शिकार

**बेधड़क** | उदयपुर



उदयपुर में लेपर्ड आदमखोर होता जा रहा है। लेपर्ड ने 36 घंटे में 5 किलोमीटर के दायरे में 3 लोगों को मार डाला। आदमखोर लेपर्ड ने शुक्रवार को खेत में काम कर रही एक महिला पर हमला कर दिया और उसे खींचते हुए जंगल में ले गया।

मामला गोगुंदा क्षेत्र के छाली पंचायत के उमरिया गांव का है। जानकारी के अनुसार, हमेरी भील (50) शुक्रवार शाम करीब 4 बजे खेत में काम कर रही थी। इस दौरान लेपर्ड ने उस पर हमला कर दिया और उसे खींचते हुए जंगल की तरफ ले गया। ग्रामीणों ने बताया कि लेपर्ड के हमला करने पर हमेरी भील जोर-जोर से चिल्लाने लगी। इस पर हम लोग कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे लेकर खेत की तरफ भागे, लेकिन तब तक लेपर्ड हमेरी भील को खींचकर जंगल में झाड़ियों की तरफ ले जा चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि हमेरी भील का खेत जंगल से सटा हुआ है। जब हम सब लोग मौके पर पहुंचे तो वहां हमेरी भील की ओढ़नी पड़ी थी। हम लोगों ने झाड़ियों में हमेरी भील को देखा और लेपर्ड उसके पास ही बैठा हुआ था। लेपर्ड हम लोगों पर भी हमला नहीं कर दे, इसलिए किसी की भी वहां जाने की हिम्मत नहीं हो पाई। काफी देर तक भी लेपर्ड वहां से नहीं हटा तो सब लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद लेपर्ड वहां से हटा तो हम झाड़ियों की तरफ गए, वहां हमेरी का शव पड़ा मिला।

### एक दिन पहले इनकी जान ली

इससे पहले गुरुवार को भी लेपर्ड ने 2 लोगों पर हमला कर मार डाला था। गोगुंदा थाना क्षेत्र के उंडीथल गांव में गुरुवार सुबह करीब 8।30 बजे लेपर्ड ने नाबालिग लड़की को मार डाला था। नाबालिग का हाथ चबाने के साथ ही मुंह, पीठ और छाती को भी लेपर्ड ने बुरी तरह नोच डाला। लड़की का शव घने जंगल में करीब 4 किलोमीटर अंदर मिला। इसके बाद देर शाम करीब 6।30 बजे उंडीथल गांव से 3 किमी दूर भेवड़िया गांव में खेतों में गए युवक पर लेपर्ड झपट पड़ा। नुकीले पंजों से उसकी गर्दन और सीने पर हमला कर दिया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंचते इससे पहले ही युवक की मौत हो गई।



### ग्रामीणों ने रास्ते पर लगाया जाम

लेपर्ड के हमले में 2 लोगों की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 8 बजे विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम नरेश सोनी, डीएसपी गजेंद्र सिंह, थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच लंबी वार्ता के बाद मांग पर सहमति बनी और सड़क के जाम को खोला गया। ग्रामीणों ने मांग रखी की। दोनों मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, जिस व्यक्ति की मौत हुई। आक्रोशित लोगों ने मृतक के परिवार से किसी को नौकरी की मांग की। पैंथर को पकड़ने के लिए उचित कार्रवाई की जाए और दोबारा ऐसी घटना ना हो इसके लिए व्यवस्था की जाए। फिलहाल क्षेत्र में पैंथर की दहशत है क्योंकि वह कैद से बाहर खुला घूम रहा है।

### भरतपुर एसपी ने ली तेंदुए की फोटो

**भरतपुर।** केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों के कलरव से गुलजार होने लगा है। साथ ही एक बार फिर घना में तेंदुए का मूवमेंट नजर आया है। भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने अपने कैमरे में तेंदुए का फोटो क्लिक किया है। साथ ही वीडियो भी बनाया है। घना में पक्षियों के साथ तेंदुए की साइटिंग से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। घना में लंबे समय से तेंदुआ डेरा डाले हुए है। घना निदेशक मानस सिंह ने बताया कि उद्यान में भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने अपने कैमरे में तेंदुए का फोटो और वीडियो क्लिक किया है। यह तेंदुआ लंबे समय से घना में डेरा डाले हुए है। तेंदुए को घना की आबोहवा रास आ रही है। यही वजह है कि करीब एक साल से तेंदुआ ने घना नहीं छोड़ा है। ऐसे में पर्यटकों को घना में सैकड़ों प्रजाति के पक्षियों के साथ ही तेंदुए का भी दीदार हो सकेगा।

### आईएसआईएम में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस 'आईसीएमआईटी-2024' का शुभारंभ

# एआई के प्रभाव और संभावित भविष्य पर किया मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉरमेटिक्स एंड मैनेजमेंट (आईएसआईएम) की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस आईसीएमआईटी-2024 शुक्रवार को आरम्भ हुई।

यह दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन "ए आई ड्रिविन इनोवशंसः ट्रांसफोरमिंग आई टी एण्ड मैनेजमेंट डायनेमिक्स" विषय पर हुआ।

इसका आयोजन बिघंम यूनिवर्सिटी, नाइजिरिया, इन्सटिट्यूट फॉर लीडरशिप एण्ड डेवल्पवमेंट कम्यूनिकेशन, नाईजीरिया, साउथ एशियन इन्सटिट्यूट फॉर सोशियल ट्रांसफोरमेशन, बांग्लादेश, नॉर्दन यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश, अभिलाषी यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश, जिज्ञासा यूनिवर्सिटी, बी.एल.एस. बिजोटो एकेडमिक एडवाईजरी कम्पनी, ब्राजील और आई.आई.एस. (डिम्ड टू बी युनिवर्सिटी), जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ऋषभ नाग, संस्थापक, ह्मन्ली.एआई थे व गेस्ट ऑफ ऑनर निंशात पाटनी, सीरियल उद्यमी, एंजेल इनवेस्टर, निवेश समिति सदस्य, स्टार्टअप ओएसिस एवं की-नोट स्पीकर रोहित मेहता, पैर्क्टिस हैड-क्वालिटि एण्ड ऑटोमेशन टेस्टिंग, प्रथम सॉफ्टवेयर थे। सम्मेलन की शुरुआत प्रोफेसर रूपा माथुर, निदेशक, आईआईआईएम ने स्वागत भाषण से की।

जिसमें उन्होंने एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद प्रोफेसर मंजू नायर, प्रिंसिपल, आईआईआईएम, जयपुर ने सम्मेलन का परिचय देते हुए बताया कि कैसे एआई इनोवेशन्स एआई और मैनेजमेंट की डाइनैमिक्स को बदल रहे हैं।




### एआई की मानवता की प्रगति में विचार-विमर्श

मुख्य अतिथि, ऋषभ नाग, फाउंडर, ह्युमन्ली.एआई ने अपने उद्घाटन भाषण में एआई के प्रभाव और इसके संभावित भविष्य के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई कैसे मानवता की प्रगति में मदद कर सकता है। सम्मेलन में अतिथि निशांत पाटनी, सीरियल आंत्रप्रेन्योर और एंजल इन्वेस्टर, ने एआई के स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश के अवसरों पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता रोहित मेहता, प्रमुख-गुणवत्ता और ऑटोमेशन टेस्टिंग, प्रथम साफ्टवेयर ने अपने संबोधन में एआई के जरिए गुणवत्ता और टेस्टिंग में हो रहे बदलावों को रोचक तथ्यों एवं उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया।

### सम्मेलन से नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी

डॉ. अशोक गुप्ता, चैयरपर्सन ने सम्मेलन और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, यह सम्मेलन एआई इनोवेशन्स के महत्व और भविष्य में इसकी भूमिका को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच है। सभी पैनलिस्ट्स अपने-अपने क्षेत्रों में अग्रणी हैं और उनका ज्ञान हमारे लिए बेहद मूल्यवान है। मैं सभी वक्ताओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं और कामना करता हूं कि इस सम्मेलन से हमें नई दिशा और प्रेरणा मिले। इस दो दिवसीय सम्मेलन में तीन तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेगें। इस कांफ्रेस में यूके, यूएसऐ, बांग्लादेश, यूएई, पेलेस्टिन, चाईना एवं मलेषिया से लगभग 15 प्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं। इस अतंराष्ट्रीय सम्मेलन में "टैक्नोलॉजी इम्पैट्स एण्ड बिजनेस एडॉप्शन" विषय पर पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया जायेगा। जिसमें में सात पैनलिस्ट शिरकत करेगें। इस सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, मलेशिया, इडोनेशिया, बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों के वक्ता भाग ले रहे हैं। इस कांफ्रेस में भारत के अलावा विभिन्न देशों से 70 से अधिक शोधपत्र शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये जायेगें।

---

## Yuva स्टोरीज

### रक्षा लेखा विभाग के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम



**बेधड़क** | जयपुर

रक्षा लेखा विभाग आगामी 1 अक्टूबर को 277वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस उपलक्ष में रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) जयपुर की ओर से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन इस पखवाड़े के दौरान किया जा रहा है।

विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक इनमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी श्रृंखला में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता मे थंडर स्ट्राइकर टीम विजयी रही। मैच के दौरान रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक विनोद कुमार विजय, आई.डी.ए.एस. एवं भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। क्रिकेट के अलावा वॉलीबाल, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, पोस्टर, रंगोली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इस पखवाड़े में आयोजित हो रहे हैं। इससे पूर्व टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज की प्रतियोगिताएं संपन्न हो चुकी हैं। सभी खेल स्पर्धाओं की विजेता टीमों और खिलाड़ियों को स्थापना दिवस समारोह में 1 अक्टूबरको पुरस्कृत किया जाएगा।

### एप्लाइड आर्ट विषय की साक्षात्कार सूची जारी

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से शुक्रवार को सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती-2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्ट विषय के साक्षात्कार में सफल रहे अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी की गई। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव बताया कि इस विषय की लिखित परीक्षा के परिणाम 13 अगस्त के अंतर्गत साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर को किया गया। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार 5 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

#### वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत परीक्षा 2022

### 93 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में किया शामिल

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के अन्तर्गत विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा अंतर्गत पात्रता जांच के लिए विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों की विचारित सूची 15 जनवरी को जारी की गई थी। इसके बाद 22 अप्रेल एवं 4 जुलाई को अतिरिक्त अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया था। जिसके अनुसार विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से करवाई गई। पात्रता जांच के बाद टीएसपी क्षेत्र के 12 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के 93 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

### हिंदी के प्रथम चरण के साक्षात्कार की तिथि जारी

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत हिंदी विषय के 214 पदों के लिए प्रथम चरण के साक्षात्कार का आयोजन 7 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

---

#### वीजीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# स्मार्ट मटेरियल्स पर्यावरण फ्रेंडली होने की जरूरत



**बेधड़क** | जयपुर

'स्मार्ट मैट्रियल्स, ऑटोमेशन और सस्टेनेबिलिटी' विषय पर तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी, जगतपुरा में शुरू हुआ।

इस अवसर पर यांत्रिक और स्मार्ट मट्रियल्स स्वचालन के क्षेत्र मे नवीनतम तकनीकी और अनुसंधान, स्वचालन वस्तुओं के बढते उपयोग, उपभोक्तावाद व प्रतिस्पर्धा और स्वचालित मशीनरी के मानव जीवन पर प्रभाव और इसके अनुप्रयोगों के प्रति जागरूकता आदि पर देश-विदेश के जाने माने मैकनिकल इंजीनियर्स, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने गहन चिंतन किया और अपने अनुभवों और और तकनीकी प्रगति को साझा किया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता एमएनआईटी, जयपुर के प्रो. उपेद्र पंडेल ने कहा वर्तमान में स्वचालित वस्तुओं के बढ़ते उपयोग से हर कोई उपभोक्तावाद की ओर बढ़ता जा रहा है। जिससे आरामदायक जीवन शैली जीने की लालसा में हम खुद को अस्वस्थ कर रहे हैं और होड समाज के हित में नहीं है। इसका पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल असर पढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम समाज में रोजमर्रा की मूल भूत जरूरतों के बजाय लग्जरियस वस्तुओं पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। मानव शरीर एक खुद स्मार्ट मटरियल है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मटरियल पर्यावरण फ्रेंडली हो और विभिन्न परिस्थियों के अनुसार बदलाव किया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों का आहवान किया कि डिग्री के बाद तुरंत पैकेज के पीछे नहीं भागें और शुरू के चार पांच साल खुद को इतना प्रशिक्षित करें कि ताकि उनके भावी कैरियर को एक नया मुकाम मिले। वे खुद पर विश्वास रखें, दृढ संकल्प और ईमानदारी के साथ आगे बढेंगे तो उनके सपने जरूर सच होंगे।

### सोलर जनरेशन में आ रही चुनौतियों को किया साझा

इस अवसर पर वीजीयू के वाइस चेयरमैन डॉ. के आर बगरिया ने कहा इस आयोजन का उदेश्य शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और औद्योगिक कर्मियों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति को साझा करने, नवीनतम नवाचारों, रुझानों और व्यावहारिक चुनौतियों, भविष्य की प्रगति पर चर्चा करने का एक शानदार अवसर प्रदान करना है। इथोपिया के प्रो. डेनियल ए. एफ. ने अपने देश में सोलर जनरेशन में आ रही चुनौतियों को साझा किया है। उन्होंने कहा उनका देश सोलर एनर्जी के उत्पादन के लिए अनुकूल है। इसके बढ़ते उपयोग और तकनीकी विकास पर पेपर प्रजेंटेशन दिया। सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक, प्रो मुकेश जवरिया ने कहा कि आज पीवीसी सेल यानि वाहनों के बैटरी निर्माण में वेस्टेज को रोकने को कम की जरूरत है। क्योंकि यह उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। जिसमें प्लास्टिक के अलावा कैमिकल और कार्बन का उपयोग होता है। जिससे हम रिसाइकल के द्वारा कम कर सकते हैं। मुकेश जवरिया ने कहा कि डब्लूएचओ ने स्टेनेबिलिटी लक्ष्य के अनुसार कि दुनिया में कोई भूखा नहीं रहे और सबको स्वच्छ जल मिले जो स्मार्ट मैटेरियल बेहतर उपयोग से यह लक्ष्य अर्जित किया जा सकता है।

### स्मार्ट मटेरियल की हमारे दैनिक जीवन में उपयोगिता

बॉश इंडिया लिमिटेड के हैड इंजीनिरिंग, विपिन मिश्रा ने स्मार्ट मटेरियल की हमारे दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वर्तमान पीढ़ी उन्हें इस क्षेत्र में आगे रिसर्च और सुधार कर सकते हैं। हमें स्मार्ट मैटेरियल से ना केवल पानी को बचाना है, बल्कि उसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। जल संरक्षण और सोलर इनर्जी के रखरखाव में ऐसी स्वचालित तकनीकी विकसित हो। जिससे पानी का उपयोग कम से कम हो। मणिपाल युनिवर्सिटी के डीन ऑफ इंजीनियरिंग प्रो. कुलदीप सिंह सांगवान ने कहा कि कोई भी उपकरण हो, वह हमारे लिए तभी उपयोगी है। जब उसमें मैटरियल सस्टेनेबल हो, पर्यावरण फ्रैंडली व गुणवत्तापूर्ण हो। चाइनीज बैटरी जो बिना गारंटी के सस्ते में सेल होता है। उसमें हम मटेरियल सस्टेनेबिलिटी की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

### हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकियों की प्रक्रियाओं को सरल बनाना

वीजीयू के सीईओ इंजीं ओंकार बगरिया ने कहा कि सस्टेनेबल मैट्रियल्स विज्ञान और इंजीनियरिंग मौजूदा उच्च तकनीक क्रांति की महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। मटेरियल विज्ञान की प्रगति दुनिया भर में सामग्री विज्ञान और औद्योगिक प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। सभी उभरते उद्योगों में सामग्रियों को महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। बगरिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकियों का विभिन्न क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को सरल बनाना, प्रणालियों की बेहतर दक्षता सुनिश्चित करना और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना होना चाहिए। इस अवसर पर एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो. संतोष कुमार और प्रो. प्रेसीडेंट प्रो. डीवीएस भगवानुलु ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति के समन्वयक विजय कुमार पांडे ने कॉन्फ्रेस के उदेश्यों के बारे में बताया।

---

#### RPSC में अब बायोमेट्रिक से सत्यापन

# फर्जीवाड़ा करने पर अब डमी अभ्यर्थी आएंगे तुरंत पकड़ में

**बेधड़क** | अजमेर

प्रतियोगी परीक्षाओं में अब डमी अभ्यर्थियों तुरंत पकड़ में आ सकेंगे। यह सब संभव होगा भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से परीक्षा अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक सत्यापन करने की अनुमति दिए जाने से। राजस्थान लोकसेवा आयोग को यह अनुमति मिल गई है। इसके बाद अब आयोग अब भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों जैसे- लिखित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन, काउंसलिंग व साक्षात्कार में अभ्यर्थी की पहचान का सत्यापन इसके माध्यम कर सकेगा। आयोग का मानना है कि पिछले दिनों डमी अभ्यर्थियों के प्रकरणों को देखते हुए आधार बायोमेट्रिक सत्यापन आयोग की कार्य प्रणाली में मील का पत्थर सहायक सिद्ध होगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के आग्रह पर राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा 8 मई 2024 को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार को इस संबंध में लिखा गया था। इस पर कार्यवाही करते हुए भारत सरकार ने आधार एक्ट 2016 की धारा 4 एवं आधार ऑथेंटिकेशन फॉर गुड गवर्नेंस नियम 2020 के अंतर्गत अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के उद्देश्य से आधार से सत्यापन की अनुमति प्रदान की गई है। इसके लिए गत 6 माह से आयोग के अधिकारियों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे थे।

### इसलिए ये जरूरी माना गया

आधार कार्डधारक के पहचान दावे को सत्यापित करने के लिए यूआईडीएआई एक ऑनलाइन बायोमैट्रिक (फिंगर, फेस, आईरिस) सत्यापन सुविधा प्रदान करता है। आधार द्वारा बायोमैट्रिक सत्यापन का अर्थ उस प्रक्रिया से है जिसमें 12 अंकों की विशिष्ट आधार संख्या बायोमेट्रिक्स सहित अन्य विशेषताओं के सत्यापन के लिए केंद्रीय पहचान डेटा रिपॉजिटरी को प्रस्तुत की जाती है। आधार बायोमैट्रिक के माध्यम से अभ्यर्थियों की पहचान की पुष्टि विश्वसनीय रूप से की जा सकेगी। इसमें दस्तावेजों के आधार पर मैन्युअली अभ्यर्थी के सत्यापन करने की तुलना में अत्यल्प समय लगता है।

### IIS में नवागंतुक छात्राओं का 'थैंक यू गेट-टुगेदर' आज

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के छात्राओं की ओर से "थैंक यू गेट-टुगेदर" कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 1 बजे विश्वविद्यालय परिसर, गुरुकुल मार्ग, मानसरोवर में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार, डॉ. राखी गुप्ता ने जानकारी दी कि यह विशेष कार्यक्रम नवागंतुक छात्राओं द्वारा उनके सहयोगियों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जैसे नृत्य, संगीत और नाटक। इसके अलावा, इस अवसर पर नवनियुक्त छात्र परिषद का अधिष्ठापन समारोह भी संपन्न होगा। जहां छात्र परिषद के नए सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कार्यक्रम में न केवल छात्राओं के कलात्मक और नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय को एक साथ लाने और एकजुटता को बढ़ावा देने में भी सहायक होगा।

---

#### मेरिट लिस्ट | कर्मचारी चयन बोर्ड ने सूचना सहायक और महिला पर्यवेक्षक भर्ती परिणाम जारी

# पहली बार मेरिट के साथ दो भर्तियों का रिजल्ट जारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने शुक्रवार को इनफॉर्मेटिक्स अस्सिटेंट यानी सूचना सहायक और सुपरवाइजर (महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती का रिजल्ट जारी कर दिया। बोर्ड ने इन परिणाम में पहली बार मेरिट सार्वजनिक रूप से जारी की है। इसमें सफल रहे अभ्यर्थियों का वरीयता के अनुसार परिणाम जारी किया गया है।

भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता के उद्देश्य से ये कदम उठाया गया है। इससे प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी वास्तविक रैंक पता होगी। हालांकि, अब अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग में किया जाएगा और उसके बाद अंतिम चयनित अभ्यर्थियों की सूची कर्मचारी चयन बोर्ड ही जारी करेगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से स्टाफ सलेक्शन कमीशन के मॉडल के आधार पर भर्ती परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। बोर्ड ने सूचना सहायक के 3 हजार 415 पदों पर भर्ती परीक्षा आयोजित करते हुए तीन गुना अभ्यर्थियों को टाइपिंग टेस्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किया था। अब लिखित परीक्षा और टाइपिंग टेस्ट में सफल रहे अभ्यर्थियों की श्रेणीवार वरीयता सूची जारी की गई है। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि सूचना सहायक के नॉन टीएसपी क्षेत्र के 3 हजार 62 और टीएसपी क्षेत्र के 353 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई थी। इस भर्ती परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है।




हालांकि अब अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए संबंधित विभाग में जाना होगा। इसके बाद बोर्ड ही चयनित अभ्यर्थियों की फाइनल लिस्ट जारी करेगा। उन्होंने बताया कि मेरिट कट ऑफ लिस्ट का फायदा ये होगा कि सभी अभ्यर्थियों को ये पता लग जाएगा कि वो कहां स्टैंड करता है, इससे धांधली होने की संभावना खत्म हो जाएगी। भर्ती परीक्षा के दूसरे भाग टाइपिंग टेस्ट में 2 हजार 365 अभ्यर्थियों को अयोग्य भी घोषित किया गया है।

### बढ़े हुए पदों के साथ महिला पर्यवेक्षक का परिणाम जारी

वहीं पद बढ़ाने के साथ ही पर्यवेक्षक (महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती परीक्षा के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों का वरीयता, क्रम, रोल नंबर और श्रेणी जारी की है, जिसमें नॉन टीएसपी और टीएसपी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को अलग-अलग प्रदर्शित किया है। आपको बता दें कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने हाल ही में पर्यवेक्षक (महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती की संशोधित विज्ञप्ति जारी की थी। जिसमें 202 पदों को बढ़ाते हुए 254 किया गया था। इसमें नॉन टीएसपी के 213 और टीएसपी क्षेत्र के 41 पद शामिल है। वहीं 10% से ज्यादा प्रश्नों में किसी भी विकल्प को नहीं चुनने वाले 203 अभ्यर्थियों को अयोग्य भी घोषित किया गया है।

# लंबे अर्से तक जिंदा रहेगी नूरजहां की खनकती आवाज



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**संदर्भ : 21 सितंबर, मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहां का जन्मदिवस**



"साल 1942 में फिल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फिल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाए। फिल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फिल्म की कामयाबी के बाद नूरजहां ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फिल्में आईं।"

नूरजहां, भारतीय सिनेमा की वह अदाकारा और सिंगर हैं, जिन्हें अपने जमाने में मलिका-ए-तरन्नुम और क्वीन ऑफ मेलोडी के नाम से खिताब किया जाता था। भारतीय उपमहाद्वीप में उनकी आवाज के चाहने वाले हैं। यहां तक कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर भी उनकी गायकी की मुरीद थीं। नूरजहां जितनी भारत में मकबूल हैं, उतनी ही पाकिस्तान में। बंटवारे के बाद, वे पाकिस्तान चली गईं। और वहां भी वो अपनी आवाज का जादू चारों और बिखेरती रहीं। नूरजहां ने मूक फिल्मों से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की और कुछ ही बरसों में वे फिल्मी पर्दे पर छा गईं। अदाकारी के साथ उन्होंने गायकी भी की। गायकी उनकी कमाल की थी। यही वजह है कि उन्होंने जल्द ही फिल्मी दुनिया में अपना एक अलग मुकाम बना लिया। 'खानदान', 'नौकर', 'जुगनू', 'दुहाई', 'जीनत' और 'अनमोल घड़ी' में गाये उनके गीत आज भी गुनगुनाये जाते हैं। खास तौर पर 'अनमोल घड़ी' में मूसीकार नौशाद के म्यूजिक डायरेक्शन में गाए उनके मधुर गीतों 'आवाज दे कहां है...', 'आजा मेरी बर्बाद मोहब्बत के सहारे...', 'जवां है मोहब्बत...' ने तो उस वक्त पूरे मुल्क में धूम मचा दी थी। आलम ये था कि ये गीत गली-गली में नेशनल एंथम की तरह बजते थे। एक लंबा अरसा गुजर गया, मगर ये गीत आज भी उसी तरह से मशहूर हैं। एक दौर था, जब ऑल इंडिया रेडियो से लेकर रेडियो सीलोन तक पर नूरजहां की आवाज के चर्चे थे। लोग उनके गानों के दीवाने थे। अपने फिल्मी करियर में नूरजहां ने तकरीबन दस हजार गाने गाए। हिन्दी फिल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज से सामाईन को मदहोश किया।

21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहां को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहां की अम्मी और वालिद ने जब मूसिकी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद ग़ुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खां से ली। साल 1939 में आई फिल्म 'गुल-ए-बकावली' वह फिल्म थी, जिसमें उन्होंने सबसे पहले गाना गाया। इस फिल्म की कामयाबी के बाद नूरजहां फिल्म इंडस्ट्री में सुर्खियों में आ गईं। साल 1942 में फिल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फिल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाए। फिल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फिल्म की कामयाबी के बाद नूरजहां ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फिल्में आईं। जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी के हुनर का लोहा मनवा लिया। साल 1947 में बनी फिल्म 'मिर्जा-साहिबा' भारत में नूरजहां की आखिरी फिल्म थी। मुल्क की तक़्सीम के बाद, लाखों लोगों के साथ उन्होंने भी पाकिस्तान में जाकर बसने का फैसला किया। उस वक्त वे शोहरत की बुलंदियों पर थीं। ऐसे में अपना सब कुछ छोड़कर जाना, वाकई एक बड़ा फैसला था। लेकिन कुछ ही अरसे में पाकिस्तान में भी उन्होंने वही सब हासिल कर लिया। अदाकारी और गायकी दोनों ही में वे बरसों तक उरूज पर रहीं। पाकिस्तानी फिल्मों में नूरजहां के योगदान को देखते हुए, न सिर्फ उन्हें पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति सम्मान से नवाजा गया, बल्कि वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज' से भी सम्मानित किया गया।

नूरजहां की गायकी और सुरीली आवाज पर मशहूर अफसाना निगार सआदत हसन मंटो भी फिदा थे। वे उनकी आवाज के शैदाई थे। इस हद तक कि उन्होंने नूरजहां की दिल-आवेज शख़्सियत पर पर एक शानदार खाका भी लिखा था। जिसमें उनकी शख़्सियत पर जो लिखा है, वह तो एक अलग मौज़ूअ है, लेकिन नूरजहां की आवाज की उन्होंने दिल खोलकर तारीफ की है। वो लिखते हैं, ''सहगल के बाद, मैं नूरजहां के गले से मुतास्सिर हुआ। इतनी साफ-शफ्फाफ आवाज, मुरकियां (स्वर का उतार-चढ़ाव) इतनी वाज़ेह, खरज (उच्चारण) इतनी हमवार, पंचम इतना नुकीला। मैंने सोचा, अगर यह लड़की चाहे, तो घंटों एक सुर पर खड़ी रह सकती है, उसी तरह जिस तरह बाजीगर तने हुए रस्से पर बगैर किसी लगजिश (माधुर्यपूर्ण) के खड़े रहते हैं।'' मंटो यहीं नहीं रुक जाते, बल्कि अपने इस मजामीन में वे आगे लिखते हैं, ''नूरजहां के मुताल्लिक बहुत कम आदमी जानते हैं कि वह राग विद्या उतनी ही जानती है, जितनी कि कोई उस्ताद। वह ठुमरी गाती है, खयाल गाती है, ध्रुपद गाती है और ऐसी गाती है कि गाने का हक अदा करती है। मौसीकी की तालीम तो उसने यकीनन हासिल की थी कि वह ऐसे घराने में पैदा हुई, जहां का माहौल ही ऐसा था-लेकिन एक चीज ख़ुदादाद भी होती है। मौसीकी के इल्म से किसी का सीना मामूर (परिपूर्ण) हो, मगर गले में रस न हो तो आप समझ सकते हैं कि खाली-खूली इल्म सुनने वालों पर क्या असर कर सकेगा-नूरजहां के पास इल्म भी था और वह ख़ुदादाद चीज भी, जिसे गला कहते हैं। यह दोनों चीज़ें मिल जाएं, तो कयामत का बरपा होना लाजिमी है।'' ('नूरजहां', किताब-'सआदत हसन मंटो दस्तावेज, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-115) वाकई नूरजहां की दिलकश आवाज, उस दौर में उनके चाहने वालों पर एक कहर सा ढाती थी। लोग उनकी गायकी के दीवाने थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## 2029 में एक देश-एक चुनाव

# अब संयुक्त चुनाव कराने की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

"लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा। विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं।"

साल 2029 में एक देश, एक चुनाव, यानी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ निकाय व पंचायत चुनाव भी एक साथ कराने की स्वीकृति कैबिनेट ने दे दी है। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर गृहमंत्री अमित शाह ने आत्मविश्वास के साथ कहा है कि 2029 के पहले एक साथ चुनाव का प्रबंध कर दिया जाएगा। साफ है, सरकार अपने इस महत्वाकांक्षी वादे को क्रियान्वित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। इसी क्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट की अनुशंसाओं को भी कैबिनेट ने मंजूर कर लिया। साफ है, केंद्र सरकार ने विपक्षी दलों को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि सरकार अपने अजेंडे पर आगे बढ़ती रहेगी। उम्मीद है कि शीतकालीन सत्र में एक देश एक चुनाव कराने के नजरिए से शीतकालीन सत्र में इस विधेयक और इस प्रक्रिया को पूरी करने वाले संशोधन विधेयकों को पारित कराने की शुरूआत संसद में हो जाएगी। हालांकि कांग्रेस समेत करीब 15 राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि भाजपा समेत 32 राजनीतिक दल इसके समर्थन में हैं।

एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इस समय जिन राज्य सरकारों का कार्यकाल बचा होगा, वह लोकसभा चुनाव तक ही पूरा मान लिया जाएगा। वैसे भी आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ साथ होते रहे हैं,लेकिन 1968 और 1969 में समय के पहले ही कुछ राज्य सरकारें भंग कर दिए जाने से यह परंपरा टूट गई। अब इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में करीब 18 संशोधन करने होंगे। इनमें से कुछ बदलावों के लिए राज्यों की भी अनुमति जरूरी होगी। यदि स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव भी साथ साथ होते हैं तो फिर मतदाता सूची तैयार निर्वाचन आयोग कराएगा। इस हेतु अनुच्छेद 325 में परिवर्तन करना होगा। साथ ही अनुच्छेद 324 ए में संशोधन करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करा लिए जाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 368 ए के तहत इस संशोधन विधेयक को आधे राज्यों से भी पास करना जरूरी होगा। इसी अनुरूप केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अलग से संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी।

इस रिपोर्ट से पहले संसदीय समिति भी देश में एक साथ चुनाव कराने की वकालात कर चुकी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यदि लोकसभा, विधानसभा,नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में सरकारी धन कम खर्च होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे और 2024 के चुनाव में लगभग एक लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। एक साथ चुनाव में राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं, वहीं विधायकों को भी लोकसभा और सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है। इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है।

चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा। विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं। 2024 में मोदी सरकार की बहाली हो गई है, इससे एक साथ चुनाव की उम्मीद बढ़ गई है। इस दौरान ईवीएम समेत अन्य चुनावी उपकरणों की जरूरत पूरी कर ली जाएगी।

अनेक असमानताओं, विसंगतियों और विरोधाभासों के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सूत्र से बंधा है। निर्वाचन प्रक्रिया राष्ट्र को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था देती है, जिससे भिन्न स्वभाव वाली राजनीतिक शक्तियों को केंद्रीय व प्रांतीय सत्ताओं में भागीदारी का अवसर मिलता है। नतीजतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया गतिशील रहती है, जो देश की अखंडता व संप्रभुता के प्रति जवाबदेह है। देश में मानव संसाधन सबसे बड़ी पूंजी है। गोया, यदि बार-बार चुनाव की स्थितियां बनती हैं तो मनुष्य का ध्यान बंटता है और समय व पूंजी का क्षरण होता है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रशासनिक शिथिलता दो-ढाई महीने तक बनी रहती है, फलतः विकास कार्य और जन-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव के चलते सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार बार चुनाव ड्यूटी का मानसिक तनाव नहीं झेलना पड़ेगा।

एक साथ चुनाव के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि देश प्रत्येक छह माह बाद चुनावी मूड में आ जाता है, लिहाजा सरकारों को नीतिगत फैसले लेने में तो अड़चनें आती ही हैं, दूसरे नीतियों को कानूनी रूप देने में अतिरिक्त विलंब भी होता है। यह तर्क अपनी जगह जायज है। वैसे भी राजनीतिक दलों की महत्ता तभी है जब वे नीतिगत फैसलों को अधिकतम लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने सुझाव दें व उन्हें विधेयक के प्रारूप का हिस्सा बनाने के लिए नैतिक दबाव बनाएं। ऐसा नहीं है कि एक साथ चुनाव का विचार कोई नया विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक चार बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव पूरे देश में एक साथ ही हुए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




**व्यंग्य**

# ठोकरें आदमी को महान बनाती हैं



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

मानो या न मानो, लेकिन यह सच है कि ठोकर खाने से ही आदमी महान बनता है। अलग-अलग क्षेत्रों में दुनिया भर के जितने भी प्रबल पराक्रमी हए हैं, सब के सब कभी न कभी कहीं न कही ठोकर खाने से ली गई नसीहत के आधार पर ही अपनी सफलता का परचम लहरा सके हैं। एक प्रकार से ठोकरें ही हमें कुछ न कुछ सिखाने का काम करती है। इस नाते जब कभी हमारे भरोसे को ठोकर लग जाए, आत्मविश्वास की लौ जल गई, ऐसा समझना चाहिए। ताकि बुलंद इरादों की मशाल प्रज्वलित की जा सके। यदि आदमी के नसीब में ठोकर खाना नहीं लिखा हो, तो फिर उसकी जिंदगी में उसे कुछ नया सीखने का अवसर आखिर मिलेगा भी तो कैसे?

अगर समझने की शक्ति हो तो आदमी की जिंदगी में लगने वाली हर एक ठोकर आपको इतना ठोक बजा देती है कि फिर कालांतर में यह सिद्ध हो जाता है कि यह आदमी अब मिट्टी का माधो नहीं रहा। वैसे भी अनुभवी आदमी की बातें कुछ और होती है, और अनुभव केवल और केवल जितना ठोकर खाने से आता है उतना और किसी रास्ते से नहीं आता। जब कोई तप-तपाया आदमी अपने ओरिजिनल सफेद बालों की दुहाई देते हुए अपने ज्ञान और अनुभव का दंभ भरता है, समझ लिया जाना चाहिए कि यह आदमी जमाने भर की ठोकर खाया हुआ है। जिसके चलते जब कभी कोई बात कहता है तो बंदा डंके की चोट पर ही कहता है।

आजकल के जमाने में किसी के ज्यादा भरोसे में रहना कुछ ठीक नहीं। इसलिए जब-जब भी हम कहीं ठोकर खाएं, इस बात पर गहराई से चिंतन कर लिया जाए कि आखिर हमें करना क्या चाहिए था? ऐसा करते ही हमें दिव्यज्ञान की प्राप्ति बहुत ही सहज रूप से हो सकती है। चतुर सुजान कहते हैं कि अपनी गलती से सीखना बहुत आसान बात है लेकिन दूसरों की गलती से सीखना असल समझदारी का काम है। लेकिन नहीं, होना यह चाहिए कि सीधे तौर पर जब हम कहीं ठोकर खा जाए, तो हमें ऐसी शिक्षा मिलती है जो आत्मज्ञान के समकक्ष हुआ करती है। वैसे भी दूसरों के ठोकर खाने से हम इतने अच्छे से नहीं सीख पाते, जितनी कि स्वयं ठोकर खाने से सीख सकते हैं। आखिर प्रैक्टिकल नॉलेज भी कोई चीज है!

हमारे मालवा में ऐसा माना जाता है कि आदमी को कभी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। क्योंकि आदमी मुगालते में मारा जा सकता है। इस आधार पर यदि आदमी ठोकर खाए हुए हो, तो फिर उसके कहीं पर भी मात खा जाने का तो सवाल ही नहीं उठता। उसके मुगालते तो छंट चुके होते हैं ! इस जमाने में कदम-कदम पर ठोकर ही ठोकर है।

भला आदमी कितना भी सयाना क्यों न हो, लेकिन ठोकर खाने से तो कदापि बच नहीं सकता। वैसे कोई नहीं बता सकता कि किसे, कब, कहां,किससे और कैसी ठोकर लग जाएगी? लेकिन जमाने दस्तूर ही कुछ ऐसा हो चला है कि जिसे देखो वह कहीं पर ठोकर खा रहा है तो कहीं किसे ठोकर खिला रहा है। कुल मिलाकर इतना कुछ कहने का लब्बोलुआब यही है कि ठोकर खाते जाइए और आगे बढ़ते जाइए।

**नॉलेज कॉर्नर: आमेर की शिला देवी, जहां दर्शन को आते हैं लाखों श्रद्धालु**

# देश-दुनिया में प्रसिद्ध है देवी का ये मंदिर

राजस्थान के पूरे देश में हर मंदिर में नवरात्रि पर घरों और मंदिरों में घट स्थापना होती है। इसी के साथ राजस्थान समेत देश में कई ऐसे देवी के मंदिर भी हैं जहां की मान्यता बहुत अधिक है। ऐसा ही देवी का मंदिर जयपुर के आमेर किले में स्थित है, जिसे शिला देवी के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की मान्यता राजस्थान समेत पूरे देशभर में है। जयपुर शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर आमेर महल के प्रांगण में स्थित शिला देवी जयपुरवासियों की आराध्य देवी बन गई है। हर साल नवरात्रि में यहां मेला लगता है और देवी के दर्शन के लिए हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं आमेर की शिलादेवी के बारे में...

### शिला देवी मंदिर की विशेषता

मंदिर की खास विशेषता है कि प्रतिदिन भोग लगने के बाद ही मन्दिर के पट खुलते हैं। साथ ही यहां विशेष रूप से गुजियां व नारियल का प्रसाद भी चढ़ाया जाता है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पुरातत्वीय ब्यौरा मिलता है जिसके अनुसार शिला देवी की मूर्ति को राजा मानसिंह बंगाल से लाए थे। मुगल बादशाह अकबर ने उन्हें बंगाल का गवर्नर नियुक्त किया था। तब उन्हें वहां के तत्कालीन राजा केदार सिंह को हराने भेजा गया। कहा जाता है कि केदार राजा को पराजित करने में असफल रहने पर मानसिंह ने युद्ध में अपनी विजय हेतु उस देवी प्रतिमा से आशीर्वाद मांगा। इसके बदले में देवी ने स्वप्न में राजा केदार से अपने आपको मुक्त कराने की मांग की। इस शर्त के अनुसार देवी ने मानसिंह को युद्ध जीतने में सहायता की और मानसिंह ने देवी की प्रतिमा को राजा केदार से मुक्त कराया और आमेर में स्थापित किया। कुछ अन्य लोगों के अनुसार राजा केदार ने युद्ध में हारने पर राजा मानसिंह को ये प्रतिमा भेंट की थी।साथ ही एक अन्य मान्यता भी है माता की मूर्ति बंगाल के समुद्र तट पर राजा को मिली थी और राजा मानसिंह इसे समुद्र में से निकालकर सीधे आमेर किले पर लाये थे।



### प्रतिमा का चेहरा टेढ़ा

देवी को लेकर पौराणिक मान्यता ये भी है कि पहले माता की मूर्ति पूर्व की ओर मुख किए हुए थी। जयपुर शहर की स्थापना किए जाने पर इसके निर्माण में कार्यों में अनेक विघ्न उत्पन्न होने लगे। तब राजा जयसिंह ने कई बड़े पण्डितों से विचार विमर्श कर उनकी सलाह अनुसार मूर्ति को उत्तराभिमुख प्रतिष्ठित करवा दिया, जिससे जयपुर के निर्माण में कोई अन्य विघ्न उपस्थित न हो, क्योंकि मूर्ति की दृष्टि तिरछी पढ़ रही थी। तब इस मूर्ति को वर्तमान गर्भगृह में प्रतिष्ठित करवाया गया है, जो उत्तराभिमुखी है। यह मूर्ति काले पत्थर की बनी है और एक शिलाखंड पर बनी हुई है। शिला देवी की यह मूर्ति महिषासुर मर्दिनी के रूप में बनी हुई है। सदैव वस्त्रों और लाल गुलाब के फूलों से ढंकी मूर्ति का केवल मुंह व हाथ ही दिखाई देते हैं। मूर्ति में देवी महिषासुर को एक पैर से दबाकर दाहिनें हाथ के त्रिशूल से मार रही है।

**देवी हो गई थी नाराज**

*शिला माता की प्रतिमा का चेहरा कुछ टेढ़ा होने के पीछे एक कहानी प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि मंदिर में कई सालों पहले तक देवी को नर बलि दी जाती थी, लेकिन एक बार राजा मानसिंह ने नरबलि की जगह पशु बलि दे दी जिससे माता रुष्ठ हो गई और गुस्से से उन्होंने अपनी गर्दन मानसिंह की ओर से दूसरी ओर मोड़ ली थी।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

X



**राहुल गांधी,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष
@RahulGandhi
तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद को अपवित्र करने की खबरें परेशान करने वाली हैं। भगवान बालाजी भारत और दुनिया भर में लाखों भक्तों के लिए पूजनीय देवता हैं। यह मुद्दा हर भक्त को दुखी करेगा और इस पर गहनता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। भारत भर के अधिकारियों को हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा करनी होगी।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हमारा संकल्प - राजस्थान को देश का अग्रणी निवेश गंतव्य बनाना!!!
आज 'Rising Rajasthan' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस सुअवसर पर निवेश सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की, जिसमें राज्य की आर्थिक संभावनाओं, निवेश के अवसरों, एवं प्रमुख क्षेत्रों में विकास की रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

**प्रधानमंत्री मोदी को खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का जवाब जेपी नड्डा के देने पर भड़की कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी**

# यह वरिष्ठ नेता का अपमान... आज की राजनीति में घुल चुका है जहर: प्रियंका

**एजेंसी** | शिमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से लिखे गए पत्र पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नाराजगी जताई है। प्रियंका ने कहा कि आज की राजनीति में जहर घुल चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष ने हीनतर और आक्रामक किस्म का जवाब भेजा। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ जननेता का निरादर करने की आखिर क्या जरूरत थी। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कुछ भाजपा नेताओं और मंत्रियों द्वारा अनर्गल और हिंसक बयानबाजी की गई। उनके जीवन की सुरक्षा के लिए चिंतित होकर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आस्था यदि लोकतांत्रिक मूल्यों, बराबरी के संवाद और बुजुर्गों के सम्मान में होती तो इस पत्र का जवाब खुद देते। इसकी बजाय उन्होंने अपने पार्टी के अध्यक्ष से आक्रामक किस्म का जवाब लिखवा कर भिजवा दिया।



### लोकतंत्र की परंपरा और संस्कृति, प्रश्न पूछने और संवाद की

प्रियंका ने कहा कि लोकतंत्र की परंपरा और संस्कृति, प्रश्न पूछने और संवाद करने की होती है। धर्म में भी गरिमा और शिष्टाचार जैसे मूल्यों से ऊपर कोई नहीं होता। प्रधानमंत्री को अपने पद की गरिमा रखते हुए, सचमुच एक अलग मिसाल रखनी चाहिए थी। जेपी नड्डा ने दिया मल्लिकार्जुन खड़गे के 'खत' का जवाब कहा, राहुल गांधी की करतूतें भूल गए। ज्ञात रहे कि भाजपा अध्यक्ष ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को फेल्ड प्रोडक्ट करार दिया था और कहा था कि उन्हें महिमामंडित करना कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मजबूरी है। नड्डा ने पिछले दिनों खरगे की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे उस पत्र के जवाब में यह बात कही थी।

## अब कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल

■ रवनीत बिट्टू का सिर कलम करने पर रखा इनाम

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में कांग्रेस विधायक वेदमा बोज्जू ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का जो कोई भी सिर काटकर लाएगा, वह उसे अपनी पुश्तैनी जमीनें इनाम में देंगे। कांग्रेस विधायक के इस बयान पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साधी है।वहीं, बिट्टू ने वेदमा भोज्जु का वीडियो शेयर करते हुए कांग्रेस को घेरा किया है। बिट्टू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में कहा कि 1984 से 2024 तक कांग्रेस जरा भी नहीं बदली है। वह तब भी सिखों के खून की प्यासी थी और वह आज भी वह खून की प्यासी है। ज्ञात रहे कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नंबर एक आतंकी बताने पर कांग्रेस नेताओं ने बिट्टू के खिलाफ जमकर बयानबाजी शुरू कर दी। तेलंगाना के निर्मल जिले के खानापुर से कांग्रेस विधायक वेदमा बोज्जू ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू राहुल गांधी को लेकर अपने शब्द वापस नहीं लेते हैं तो उनकी हत्या कर उनका सिर लाने वाले को वह अपनी 1.38 एकड़ जमीन दे देंगे।

## रालोद में शामिल हुईं सपा की पूर्व प्रवक्ता रोली तिवारी



**लखनऊ**। स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मोर्चा खोलने पर सपा से निकाली गई सपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोली तिवारी अब केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की पार्टी रालोद में शामिल हो गई हैं। रोली तिवारी ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय में जाकर जयंत चौधरी से मुलाकात की। इसके बाद रालोद की सदस्यता ग्रहण कर ली। जयंत चौधरी ने कहा, तेज तर्रार नेता के जुड़ने से पार्टी को मज़बूती मिलेगी तथा उनके राजनीतिक अनुभव से नारी शक्ति व पार्टी निश्चित तौर पर लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा, पार्टी शीघ्र ही उन्हें अहम जिम्मेदारी देगी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में व अन्य प्रदेशों में भी वह संगठन विस्तार को लेकर काफ़ी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं और उनकी मेहनत व लगन के परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी के काफिले पर फायरिंग, दो घायल

**चंडीगढ़**। हरियाणा विधानसभा में चुनाव का प्रचार के दौरान पंचकूला में बड़ी वारदात हुई है। कालका सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर रायपुररानी के पास भरौली गांव में फायरिंग हुई है। इस वारदात में चौधरी के दो समर्थकों को गोली लगी हैं। उन्हें गंभीर हालत में चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। घायलों की पहचान गोल्डी खेड़ी और दिनेश के रूप में हुई है। इस घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। वारदात के वक्त काफिले में प्रदीप चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा की है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने में जुटी हुई है।

**केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का किया शुभारंभ... कहा-**

# घुसपैठ नहीं रोकी गई तो 25-30 साल में घुसपैठिए राज्य में हो जाएंगे बहुसंख्यक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

**गिरिडीह/ साहिबगंज ( झारखंड)**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठियों को रोका नहीं गया तो वे अगले 25-30 साल में राज्य में बहुसंख्यक हो जाएंगे।

शाह ने शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज और गिरीडीह में आमसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने पहले साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने गिरीडीह में एक आमसभा को संबोधित किया।

शाह ने आरोप लगाया कि घुसपैठिये आदिवासी संस्कृति और पहचान को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि वह राज्य से उन्हें बाहर निकालेंगे। शाह ने दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के बाद दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वे हमारी बेटियों से विवाह कर रहे हैं और जमीन कब्जा कर समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को नष्ट कर रहे हैं। हम उन्हें बाहर निकालेंगे। यहां कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलने दीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार के दौरान राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि झामुमो नीत सरकार ने राज्य के आदिवासियों, दलितों और महिलाओं के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि यह विरोधाभासी है कि झारखंड जैसा समृद्ध राज्य, जिसके पास देश के खजाने को भरने की क्षमता है, वहां से युवाओं का बेहतर अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है।



### हम भ्रष्ट लोगों को उल्टा लटका देंगे

शाह ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में झारखंड को केवल 84 हजार करोड़ रुपए मिले जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 3.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए। उन्होंने कहा, हम झारखंड में भ्रष्टाचार की गंगा को रोकेंगे और समुद्र में मिलने नहीं देंगे। हम भ्रष्ट लोगों को उल्टा लटकाएंगे और झारखंड को देश का शीर्ष राज्य बनाएंगे। शाह की झारखंड में यह दूसरी रैली है। शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि परिवर्तन यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है।

### देश में सबसे भ्रष्ट सोरेन सरकार

अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ रुपए का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ रुपए का खनन घोटाला और 40 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती।

### झारखंड की जनता चाहती है परिवर्तन

इससे पहले शाह शुक्रवार को देवघर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह पहुंचे। जहां उन्होंने शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया। उसके बाद भाजपा के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने शहीद कान्हू के वंशज से मुलाकात कर हाल जाना। सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शाह ने ने परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि झारखंड की जनता अब सत्ता परिवर्तन चाहती है। इसलिए रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यह जागरूकता वाहन गांव गांव में घूम कर हेमंत सरकार की नाकामियों व केन्द्र की योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। संथाल में भी भाजपा सभी सीटों पर परचम लहराएगी। साहिबगंज में परिवर्तन सभा को संबोधित करने के बाद शाह वहां से गिरिडीह चले गए।

### सभी विस क्षेत्रों से गुजरेगी परिवर्तन यात्रा

भाजपा ने परिवर्तन यात्रा के जरिए दस दिनों में राज्य की एक करोड़ की आबादी से जनसंपर्क का लक्ष्य रखा है। यह यात्रा राज्य के 24 जिलों के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए 5400 किलोमीटर का सफर तय कर दो अक्टूबर को संपन्न होगी। इस दौरान 65 सार्वजनिक रैलियों का आयोजन किया जाएगा, जबकि 50 से अधिक सामुदायिक बैठकें आयोजित होंगी। यात्रा का स्वागत 80 से अधिक चिह्नित जगहों पर होगा, वहीं 40 धर्मस्थलों तक भी यात्रा जाएगी।

**जमीन के बदले नौकरी मामला**

# लालू यादव के खिलाफ चलेगा मुकदमा, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी** | पटना

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार ने लालू के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी केंद्र सरकार ने दे दी है। सीबीआई की फाइनल चार्जशीट पर गृह मंत्रालय ने मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की अगली सुनवाई दिल्ली कोर्ट में 15 अक्टूबर को होगी। सीबीआई की ओर से अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी मंजूरी भी मिल जाएगी।

सीबीआई ने शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय ने लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी है, जबकि बाकी आरोपियों के खिलाफ अनुमति मिलने में 15 दिन और लगेंगे। उसके बाद स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को करने का आदेश दिया।

ज्ञात रहे कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी के पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए इस मामले में आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। कोर्ट ने इन्हें 7 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहाहै। खास बात यह है कि लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी पहली बार इस केस में कोर्ट से समन मिला।



यह मामला साल 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे। आरोप है कि उनके कार्यकाल में रेलवे ग्रुप डी के पदों पर नियमों की अनदेखी करते हुए कुछ लोगों को नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों के नाम पर जमीनें लिखवाई गई थीं। सीबीआई जहां इस केस के आपराधिक पहलू की जांच कर रही है, तो वहीं ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की जांच में जुटी है।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: MVA में सीट बंटवारे को लेकर मंथन जारी**

# मुंबई की सीटों को लेकर फंसा है पेच

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में सीट बंटवारे को लेकर शुक्रवारको मंथन शुरू हो गया है। एमवीए में शामिल दलों में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में शिवसेना के योगदान को भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता मानते हैं कि वे गठबंधन में बड़े भाई हैं, तो शिवसेना की भूमिका को भूलना भी सही नहीं है।

राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें बढ़ीं क्योंकि उसने गठबंधन सहयोगी के लिए अपनी सीटें छोड़ दीं। कांग्रेस को अपनी सीटें बढ़ाने में शिवसेना (यूबीटी) के योगदान का अध्ययन करने की जरूरत है। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने मुस्लिमों के लिए 24 सीटें मांगी हैं। सूत्रों के अनुसार शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस मुंबई में ज्यादा से ज्यादा सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, शिवसेना उद्धव गुट उन सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जहां पार्टी ने 2019 में चुनाव लड़ा था। बता दें मुंबई में लोकसभा की छह सीट हैं और हर लोकसभा के अन्तर्गत छह विधानसभा सीट है यानी यहां कुल 36 विधानसभा सीटें हैं।




### यह हैं मुंबई की विधानसभा सीटों का गणित


वहीं, मुंबई की छह लोकसभा सीटों में तीन पर शिवसेना उद्धव गुट के सांसद हैं और एक-एक सीट पर कांग्रेस, बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) के सांसद हैं। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना उद्धव गुट 20 सीट, कांग्रेस 18 सीट, राष्ट्रवादी कांग्रेस(एसपी)7 सीट और समाजवादी पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। ज्ञात रहे कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरा घोषित करने की मांग कर रही है। वहीं, कांग्रेस और राकांपा(एसपी) इस बारे में कोई फैसला चुनाव बाद करने पर जोर दे रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा।

**दिल्ली: नई सीएम के साथ पांच मंत्री भी लेंगे शपथ**

# आतिशी की नई पारी आज से

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी शनिवार शाम साढ़े चार बजे अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगी। आतिशी के साथ पांच कैबिनेट मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। आतिशी ने पार्टी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उपराज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आतिशी की कैबिनेट में केजरीवाल सरकार के सभी चारों मंत्रियों को दुबारा से मंत्रीपद दिया जा रहा है। वहीं, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। कैबिनेट में अभी भी एक स्थान खाली है। पार्टी में इसके लिए मंथन चल रहा है। संभावना है कि शपथ ग्रहण से पहले इस पद के लिए नाम का भी कर दिया जाए। दिल्ली में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। इनके अलावा अहलावत भी कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। वह राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल छह मंत्री होते हैं।



**हरियाणा की चुनावी डायरी**

# हरियाणा में आप होगी किंगमेकर... हमारे बिना नहीं बनेगी सरकार : केजरीवाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घामसान तेज हो गया है। विभिन्न दलों के दिग्गज नेताओं की सभाओं से राज्य की सियासत गरमा रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को जगाधारी में रोड शो और जनसभा के साथ राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमारी पार्टी किंगमेकर होगी। आम आदमी पार्टी को इतनी सीटें मिलने जा रही हैं कि हमारे बिना कोई सरकार नहीं बना सकेगा। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

केजरीवाल ने यमुना नगर के जगाधरी में रोड शो के दौरान आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार आदर्शपाल गुज्जर के लिए वोट मांगे। केजरीवाल ने कहा, मैं चाहता तो सीएम पद पर बना रह सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा, भगवान राम 14 साल के वनवास के बाद जब लौटे थे तो माता सीता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ी थी। मैंने भी यही फैसला लिया। मैंने तय किया कि जनता जब मुझे सीएम की कुर्सी पर बिठाएगी, तभी सत्ता में रहूंगा अन्यथा सीएम पद की कोई जरूरत नहीं है।



### हरियाणा में भी करेंगे दिल्ली जैसा काम

केजरीवाल ने कहा कि इस बार आम आदमी पार्टी को वोट देकर देखिए। हमने जिस तरह से दिल्ली में काम किया है, उसी तरह हरियाणा में भी करेंगे। कभी जगाधरी पीतल के काम का गढ़ होता था, लेकिन भाजपा ने इस राज्य को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया है।

### हमारे विधायकों को खरीदने की कोशिश हुई

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों ने मुझे 5 महीने तक जेल में डालकर रखा और तरह-तरह की यातनाएं दीं। इसके बाद भी मैं नहीं टूटा। उन्होंने कहा कि मेरी रगों में हरियाणा का खून बह रहा है। इन्हें पता नहीं था कि एक हरियाणवी को तोड़ा नहीं जा सकता। केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने मेरे साथ जो भी किया, उसका बदला हरियाणा का बच्चा-बच्चा लेगा। इन लोगों ने मुझे जेल भेजा और हरियाणा वाले अब इन्हें बाहर भेजेंगे। इन्हें कोई अपनी गली और गांव में नहीं घुसने देता। मैं जेल में था तो इन लोगों ने मेरे विधायकों को खरीदने की बहुत कोशिश की, लेकिन हमारा एक भी एमएलए नहीं टूटा।

### शिक्षा का बेड़ा कर दिया गर्क

केजरीवाल ने जगाधरी में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि यहां हमारी ओर से जो प्रत्याशी हैं, वह आपका भाई है। लेकिन दूसरी तरफ मुकाबले में कंवरपाल हैं, जो शिक्षा मंत्री हैं। उन्होंने पूरे राज्य में शिक्षा का बेड़ा गर्क कर दिया। 10 सालों में उन्होंने कोई काम नहीं किया। फिर उन्हें वोट ही क्यों देना।

### रमित खट्टर का यूटर्न : दोपहर में कांग्रेस में गए और शाम ढले भाजपा में लौट आए

करनाल। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के भतीजे रमित खट्टर गुरुवार को पहले भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन कुछ ही घंटे बाद यानी शाम ढलने तक वह भाजपा में वापस लौट आए। इस तरह उन्होंने आया राम गया राम की तर्ज पर एक दिन के अंदर ही दो दलों की सदस्यता ले ली। रमित गुरुवार दोपहर रोहतक के कांग्रेसी विधायक भारत भूषण बत्रा की मौजूदगी में कांगेस में शामिल हुए थे। इस खबर से भाजपा के खेमे में हलचल मच गई थी। कुछ घंटों के बाद खबर मिली कि रमित खट्टर भाजपा में लौट आए हैं। भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने उनका पार्टी में पुनर्प्रवेश कराया। ग्रोवर रोहतक से भाजपा प्रत्याशी हैं हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस के भारत भूषण बत्रा से ही है। माना जा रहा है कि भाजपा खेमे की ओर से उनसे संपर्क किया गया और किसी तरह उन्हें वापसी के लिए राजी कर लिया गया। मनोहर लाल खट्टर राज्य में भाजपा के बड़े नेता हैं और सीएम नायब सिंह सैनी को उनका करीबी माना जाता है।

## जरूरी खबर

### BJP विधायक मुनिरत्ना रेप केस में गिरफ्तार

**रामनगर (कर्नाटक)।** बेंगलुरु के राजराजेश्वरीनगर के भाजपा विधायक मुनिरत्ना को पुलिस ने एक महिला से बलात्कार के मामले में शुक्रवार सुबह परप्पना अग्रहारा केंद्रीय जेल के पास से गिरफ्तार किया। इससे पहले मुनिरत्ना को बीबीएमपी ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने और जातिगत दुर्व्यवहार के मामले में सशर्त जमानत पर जेल से रिहा किया गया था। एक 40 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि विधायक मुनिरत्ना ने 2020 से 2022 की अवधि के दौरान उसके साथ बलात्कार किया और ब्लैकमेल किया। इस शिकायत के आधार पर रामनगर जिले के कग्गलीपुरा थाने में मुनिरत्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि घटना कग्गलीपुरा थाने के अंतर्गत हुई। शिकायत में महिला ने कहा कि मुनिरत्ना ने मुझे गोदाम में बुलाकर मेरे साथ रेप किया।

### सुप्रीम कोर्ट के YouTube चैनल को किया हैक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक होने की खबर सामने आई है। यूट्यूब पर सुप्रीम कोर्ट सर्च किए जाने पर अमेरिकी कंपनी रिपल के वीडियो दिख रहे हैं। चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का ऐड वीडियो दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई जाती है। संवैधानिक पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई का लाइव स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब चैनल का उपयोग किया जाता है। जानकारी के मुताबिक, कोर्ट की आईटी टीम ने इसे ठीक करने के लिए एनआईसी से मदद मांगी है।

### मणिपुर: मंत्री के निजी सहायक का अपहरण

**इंफाल।** मणिपुर के उपभोक्ता मामलों के मंत्री एल. सोमोरेंद्रो के निजी सहायक 43 वर्षीय एस. सोमोरेंद्रो का इंफाल पूर्वी जिले में शुक्रवार को उनके आवास से अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने कहा कि किसी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है और जांच की जा रही है। इससे पहले सशस्त्र हमलावरों ने गुरुवार रात बिष्णुपुर जिले में पूर्व मुख्य सचिव ओइनाम नाबाकिशोर के आवास पर पांच राउंड फायरिंग की। दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिमी और इंफाल पूर्वी जिलों में अगल-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया।

## अंडमान निकोबार के 21 द्वीपों के लिए तैराकी अभियान शुरू



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों में प्रथम ओपन वाटर तैराकी अभियान की हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। इन द्वीपों का नाम अपूर्व शौर्य के लिए परमवीर चक्र विजेता शूरवीरों के नाम पर रखा गया है। इस मौके पर उन्होंने अभियान दल के सदस्यों से भी मुलाकात की।

### NIA का एक्शन, पंजाब में 4 ठिकानों पर छापेमारी




**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी षड्यंत्र मामले की जांच के तहत शुक्रवार को पंजाब में 4 जगहों पर तलाशी ली। यह छापेमारी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू और उससे जुड़े प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के ठिकानों पर हुई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनआईए के दलों ने मोगा में एक स्थान पर, बठिंडा में 2 जगहों और मोहाली में एक स्थान पर संदिग्धों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान डिजिटल उपकरणों समेत विभिन्न सामग्री जब्त की गई, जिनकी जांच की जा रही है। एनआईए के अनुसार यह मामला पन्नू की ओर से एसएफजे के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर रची गई साजिश से संबंधित है। जांच एजेंसी ने एयर इंडिया के यात्रियों को धमकाने वाले वीडियो संदेश जारी करने के लिए 17 नवंबर, 2023 को पन्नू और एसएफजे के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## प्रसादम के लड्डू में फिश ऑयल व चर्बी होने के आरोपों से मचा हड़कंप

# नड्डा ने आंध्र के CM नायडू से मांगी रिपोर्ट... कहा- कड़ी कार्रवाई होगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के प्रमुख श्रद्धा केंद्रों में से एक तिरुपति मंदिर पर मिलने वाले प्रसाद के लड्डू में मछली का तेल और सुअर की चर्बी जैसी चीजें पाए जाने के आरोपों से हड़कंप मचा गया है।

केंद्र सरकार ने इन आरोपों को गंभीरता से लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से शुक्रवार को इस मामले में बात की और इससे संबधित रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने पूरे मामले की फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआइ) से जांच कराकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

जेपी नड्डा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस मामले में सोशल मीडिया से जानकारी मिलने के बाद उन्होंने नायडू से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से तिरूपति लड्डू की जांच की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा करने को कहा है ताकि इसकी जांच कराई जा सके। उन्होंने इस मामले में राज्य के नियामक संस्थाओं से भी जल्द ही बात कर विवाद की तह तक जाने का भरोसा दिया। नड्डा ने कहा कि एफएसएसएआइ पूरे मामले की जांच करेगी और कानून के मुताबिक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

इस बीच, केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मामले की जांच की मांग की। जोशी ने वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन के अवसर पर पत्रकारों से कहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। विस्तृत जांच की आवश्यकता है और दोषी को दंडित किया जाना चाहिए।



### राजनीतिक लाभ के लिए भगवान का इस्तेमाल: जगन मोहन रेड्डी

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुमला में घी में मिलावट के आरोपों को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि नायडू ऐसे व्यक्ति हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए भगवान का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा,यह ध्यान भटकाने की राजनीति है। एक तरफ लोग चंद्रबाबू नायडू के 100 दिन के शासन को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि उनके सुपर सिक्स (चुनावी वादों) का क्या हुआ। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह मनगढ़ंत कहानी रची जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनईबी से पूछा

# अंतिम समय में क्यों बदल दिया नीट-पीजी 2024 का पैटर्न!

■ केंद्र व एनईबी से एक सप्ताह में मांगा जवाब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल बोर्ड आफ एजुकेशन (एनईबी) से सवाल किया कि अंतिम समय में नीट-पीजी 2024 का पैटर्न क्यों बदला गया। यह बहुत असामान्य था और छात्रों को निराशा हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को 27 सितंबर को सूचीबद्ध करते हुए बोर्ड और केंद्र सरकार से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है।

कोर्ट में छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विभा दत्ता मखीजा और वकील तन्वी दुबे ने कहा कि यह मुद्दा 11 अगस्त को आयोजित नीट-पीजी के परीक्षा पैटर्न में अंतिम समय में बदलाव, अंकों के सामान्यीकरण, उत्तर कुंजी के प्रकटीकरण और प्रश्न पत्रों से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न ही कोई नियम थे और न ही इस पर स्पष्टता और परीक्षा से तीन दिन पहले ही परीक्षा को दो भागों में कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह तय करने के लिए कोई नियम नहीं हैं कि परीक्षा कैसे आयोजित की जानी है। सब कुछ केवल एक सूचना बुलेटिन पर निर्भर था और इसे अधिकारियों की इच्छानुसार कभी भी संशोधित किया जा सकता था। हालांकि, एनबीई के वकील की तरफ से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि कुछ भी नया और असामान्य नहीं किया गया।




# सनातन धर्म रक्षण बोर्ड गठित किया जाए: पवन

**एजेंसी** | अमरावती

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि वह तिरुपति मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी पाए जाने की बात से 'बहुत व्यथित' हैं और उनका सुझाव है कि मंदिरों से संबंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए एक 'सनातन' राष्ट्रीय बोर्ड गठित किया जाए। कल्याण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तिरुपति बालाजी के प्रसाद में पशु चर्बी (मछली का तेल, सूअर की चर्बी और बीफ चर्बी) मिलाए जाने की बात से हम सभी बहुत व्यथित हैं। वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा गठित टीटीडी बोर्ड को कई सवालों के जवाब देने होंगे। उन्होंने कहा कि देश में मंदिरों से संबंधित मुद्दों पर गौर करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड' गठित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर सभी नीति निर्माताओं, धार्मिक प्रमुखों, न्यायपालिका, नागरिकों और संबंधित क्षेत्रों के अन्य लोगों के बीच चर्चा हो।



### धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा हो: राहुल

कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तिरुपति मंदिर मामले की गहन जांच की मांग की है और धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद को अपवित्र करने की खबरें परेशान करने वाली हैं। भगवान बालाजी भारत और दुनिया भर में लाखों भक्तों के लिए पूजनीय देवता हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे से हर श्रद्धालु को ठेस पहुंचेगी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डु बनाने में कथित तौर पर जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किए जाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि यह मामला मौलिक हिंदू धार्मिक रीति रिवाजों का उल्लंघन करता है और ऐसे करोड़ों भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाता है जो प्रसाद को पवित्र मानते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रसाद के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल हो रहा था, इससे साफ है कि मंदिर प्रशासन का इसमें दोष हैं। दूसरी ओर वाईएसआर कांग्रेस शुक्रवार को आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट पहुंची।

## रेप व हत्या का मामला: न्याय के लिए सड़क पर उतरे लोग

# 42 किमी तक निकाली मशाल रैली

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार व हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार रात हजारों लोग हाथों में मशाल लिए कोलकाता की सड़कों पर उतर आए। डॉक्टर, स्वयंसेवी संस्थाओं और दिव्यांग लोगों के संगठनों के सदस्य, कार्टूनिस्ट, आईटी पेशेवर, वैज्ञानिक और प्रोफेसरों ने 42 किलोमीटर लंबे जुलूस में हिस्सा लिया। रैली में शामिल लोगों ने हाथ में जलती हुई मशालें थाम रखी थीं। रैली शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित लाईडैंड पार्क से शुरू हुई। इस रैली की खास बात है कि जो मशाल लेकर प्रदर्शनकारी चल रहे थे, वह अगले स्टेशन पर दूसरे प्रदर्शनकारियों को सौंप रहे थे। दूसरी ओर आरजी कर मामले में न्याय की मांग को लेकर पिछले 43 दिनों से जारी जूनियर डॉक्टरों का धरना शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन से सीजीओ परिसर तक न्याय के लिए रैली निकालने के बाद खत्म हो गया। डॉक्टरों ने इसकी घोषणा गुरुवार शाम को ही कर दी थी।



## महाराष्ट्र को कई योजनाओं की सौगात

# कांग्रेस के अंदर देशभक्ति दम तोड़ चुकी है: PM मोदी

**एजेंसी** | वार्धा (महाराष्ट्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्रा में उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रह गई है। इस पार्टी में देश भक्ति दम तोड़ चुकी और इस पर नफरत का भूत सवार हो चुका है।

मोदी ने संसद में नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि आज कांग्रेस के नेता विदेश जा कर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं और भारतीय संस्कृति तथा यहां के लोगों की आस्था का अपमान करते हैं। पीएम मोदी कारीगरों की सहायता के लिए संचालित की जा रही विश्वकर्मा योजना पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार की आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना व पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्टअप योजना की शुरुआत की। उन्होंने अमरावती में 1,000 एकड़ के 'पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल' (पीएम मित्र) पार्क की भी आधारशिला रखी।



### टुकड़े-टुकड़े गैंग व अर्बन नक्सल चला रहे हैं कांग्रेस

इस अवसर पर एक कार्यक्र में पीएम मोदी ने कहा, आप देखिए, आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर उनके देशविरोधी एजेंडे, समाज को तोड़ना, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना, ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट कोई पार्टी है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कोई है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है।

### कांग्रेस को गणपति पूजा से नफरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की धरती गवाह है, आज़ादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपति उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर समाज, हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसीलिए, कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टीकरण का भूत जाग उठा, कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक में गणपति शोभा यात्रा पर हमले और विघ्न की घटना का भी जिक्र किया और कहा," तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। आपने देखा है, कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे, उसे पुलिस वैन में कैद करवा दिया। ऐसी घटनाओं पर कांग्रेस के सहयोगियों के मौन पर प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा देश गणपति के इस अपमान को देखकर आक्रोशित है। मैं हैरान हूँ, इस पर कांग्रेस के सहयोगियों के मुंह पर भी ताला लग गया है। उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि गणपति के अपमान का भी विरोध करने की उनमें हिम्मत नहीं बची है।

### हमें कांग्रेस को देना होगा जवाब

मोदी ने लोगों को विकास के एजेंडा के साथ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा, हमें एकजुट होकर कांग्रेस के इन पापों का जवाब देना है। हमें परंपरा और प्रगति के साथ खड़ा होना है। हमें सम्मान और विकास के एजेंडे के साथ खड़ा होना है। हम साथ मिलकर महाराष्ट्र की अस्मिता को बचाएंगे। हम सब साथ मिलकर महाराष्ट्र का गौरव और बढ़ाएंगे।

### J&K: रियासी इलाके में आतंकियों से मुठभेड़ जारी


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के रियासी में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ सामने आई है। शुक्रवार को यह मुठभेड़ रियासी जिले के चसाना इलाके में हुई। इसमें सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों घेर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बल संदिग्ध इलाके के पास पहुंचे, छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने पर यह ऑपरेशन शुरू किया गया। रियासी जिले में सुरक्षाबलों की इस मुठभेड़ से पहले इसी साल 13 जून को आतंकवादियों ने इसी इलाके में हमला किया था।

## रवींद्र मंच पर मार्मिक नाटक का मंचन, कहानी में दिए कई मैसेज

# समाज में व्याप्त गरीबी, मानवता के पतन और शोषण का 'कफन'

बेधड़क | जयपुर

समाज में व्याप्त गरीबी, शोषण और मानवता के पतन को जब कलाकारों ने मंच पर कला के जरिए प्रस्तुत किया तो कुछ दर्शक भावुक तो कुछ रोमांचित नजर आए। एक्टिंग से उन्होंने अभिनय की बारीकियां भी दर्शाईं। ये थे कला साहित्य संस्कृति व पुरातत्व विभाग और रवींद्र मंच की ओर से संचालित टैगोर थिएटर योजना में हुए नाटक कफन के कलाकार, जिन्होंने मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी के नाट्य रूपांतरण पर प्रस्तुति दी।



### केंद्र बिंदु एक गरीब परिवार

कहानी का केंद्र बिंदु एक गरीब परिवार है, जिसमें घीसू और उसका बेटा माधव शामिल है। ये दोनों मजदूर हैं, लेकिन काम करने की बजाय आलस और निकम्मेपन में अपना जीवन बिता रहे हैं। उनकी दयनीय स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके पास दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए भी साधन नहीं हैं। कहानी में माधव की गर्भवती पत्नी बुधिया जो 13 साल की है और प्रसव पीड़ा से गुजर रही होती है, लेकिन घीसू और माधव उसकी चिंता करने की बजाय पास के गांव से आलू चुराकर खाने में मशगूल हो जाते हैं। बुधिया की मृत्यु हो जाती है, लेकिन पिता-पुत्र पर इसका कोई असर नहीं होता।





### भूख की भयावहता उजागर

कहानी में प्रेमचंद ने ना केवल गरीबी और भूख की भयावहता को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि जब इंसान पर गरीबी और शोषण का बोझ हद से ज्यादा बढ़ जाता है तो उसकी नैतिकता और मानवता मर जाती है। घीसू और माधव जैसे पात्रों से लेखक ने संदेश दिया है कि जब इंसान के पास भूख मिटाने के साधन नहीं होते तो उसकी संवेदनाएं और मानवीय मूल्य धीरे-धीरे क्षीण हो जाते हैं। ऐसे में कफन ने एक कहानी का प्रदर्शन ही नहीं किया, बल्कि समाज के उन अंधेरे कोनों की ओर इशारा किया जहां इंसान केवल मरजीवित रहने के लिए ही संघर्ष करता है। नाटक ने समाज में व्याप्त असमानताओं, गरीबी और सामाजिक शोषण पर सोचने को मजबूर किया।

### नाटक में इन्होंने किया अभिनय

नाटक में यशोदा सेन, संजय कुमार शर्मा, रिया सैनी, शेफाली गुप्ता, विपिन शर्मा, तन्मय जैन, निकिता जैन, महेश योगी, वेद प्रकाश, संजय कुमार सेन, हरीश वर्मा ने अभिनय किया।

## डीडी राजस्थान पर हिंदी विशेष प्रश्नोत्तरी का प्रसारण आज



**बेधड़क. जयपुर।** राजभाषा पखवाड़ा विशेष प्रश्नोत्तरी का प्रसारण शनिवार शाम 4 बजे डीडी राजस्थान पर किया जाएगा। दूरदर्शन केंद्र जयपुर के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख सतीश देपाल ने बताया कि यह प्रश्नोत्तरी राजभाषा विकास एवं उन्नयन पर केंद्रित है। कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागियों के लिए राजभाषा हिंदी से संबंधित प्रश्न रखे गए थे, जिनका प्रतिभागियों ने जवाब दिया। राजभाषा आधारित विशेष प्रश्नोत्तरी में राष्ट्रीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव शर्मा, भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के राजभाषा अधिकारी अतुल अग्निहोत्री, राजस्थान कॉलेज की मीना रानी, राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की अध्यक्ष वंदना कल्ला, दूरदर्शन केंद्र जयपुर के निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल, सहायक निदेशक कार्यक्रम सुरेश चंद मीणा और सहायक निदेशक कार्यक्रम राकेश जैन भी उपस्थित रहे। इस प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के प्रोड्यूसर चेतन प्रकाश है। कार्यक्रम की परिकल्पना कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय की है और मार्गदर्शन सुरेश चंद मीना और राकेश जैन का है। कार्यक्रम का समन्वय राजभाषा अनुभाग से संबंधित कार्यक्रम अधिशाषी डॉ. वासुदेव शर्मा और वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया।

## 'सजीव सोल ऑफ आर्ट' में रेणु का लेख




**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली में 'सजीव सोल ऑफ आर्ट- एस्सेज ऑन इण्डियन आर्ट' पुस्तक का लोकार्पण किया गया। किताब का सम्पादन डॉ. विनय कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. बृजेश रावत, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. जगपाल सिंह आदि ने किया है। डॉ. सजीव सिंह वर्तमान में 'अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय अयोध्या के निदेशक व राम मंदिर के तकनीकी सहायक हैं। जयपुर की डॉ. रेणु शाही के लेख 'जयनगर' (जयपुर) को भारत की धरोहर के रूप में देखते हुए 'जयनगर-अ-हेरिटेज सिटी ऑफ इन्डिया' नाम से प्रकाशित किया गया है।

## City इवेंट्स

### उमंग के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** नारायणी दादी सेवा संघ जयपुर की संस्थापिका और दादी सेविका अरुणा दीदी ने उमंग के पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर विमोचन करते हुए दादी सेविका अरुणा दीदी ने फेस्ट के संयोजक को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान परितोष इंटोडिया, प्रियांक गुप्ता, सुमिता कुमार और विजेता मौजूद रहे। तीन दिवसीय उमंग कार्यक्रम 18 से 20 अक्टूबर तक मानसरोवर में आयोजित किया जाएगा।

### मानवेन्द्र बने श्याम नगर मंडल संयोजक



**बेधड़क, जयपुर।** 'सेवा पखवाड़ा- 2024' के लिए शहर में सभी मंडलों के संयोजकों की घोषणा की गई। इसमें श्याम नगर मंडल में मानवेन्द्र सिंह को संयोजक बनाया गया। वहीं, कमलेश कुमावत, सुरेश चंद गुप्ता, संतोष पंडित को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा व विधायक गोपाल शर्मा की अनुशंसा पर नियुक्तियों हुईं।

### अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह 23 से

**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी में 23 से 29 सितंबर तक अंतरर्राष्ट्रीय बधिर सप्ताह-2024 और अंतरर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2024 का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जयपुराइट्स बधिर समुदाय के लोगों से संपर्क कर जानने का प्रयास करेंगे कि वे कितना समाज की मुख्य धारा से जुड़े हैं। विदेशों में बधिर बालक-बालिका होने पर अभिभावकों को इस दिव्यांगता की जानकारी कराई जाती है। हमारे यहां जानकारी के आभाव में अभिभावक शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर हो जाते हैं। वे जानने का प्रयास नहीं करते कि बच्चे के जीवन में क्या प्रयास या प्रगति हो रही है।

## पुणे के विशषज्ञों ने जयपुर में किया इंटरेक्शन

# युवाओं को बताए कॅरिअर के विकल्प व समझाई चुनौतियां



बेधड़क | जयपुर

सेंटर फॉर करियर गाइडेंस ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की ओर से पीआईबीएम पुणे के सहयोग से डिजिटल परिदृश्य में कॅरियर विकल्प पर एक सत्र आयोजित किया गया। युवाओं का एआई, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय और कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न कॅरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन और परामर्श देने के मोटिव से हुए सत्र में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। पुणे के प्रशिक्षक निखिल नैनानी ने युवाओं से बेहतर समझ के लिए अमेजन, एलेक्सा आदि की केस स्टडीज पर चर्चा की।

साथ ही 28 सितंबर तक चलने वाली नंदी फाउंडेशन के महिंद्रा प्राइड क्लास रूम के सहयोग से युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि पर 9 दिवसीय कार्यशाला भी शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारम्भ डॉ. सीमा अग्रवाल ने किया। डॉ. रंजना अग्रवाल ने कार्यशाला से सर्वोत्तम ज्ञान लेने के लिए प्रेरित किया। संयोजिका डॉ. आकांक्षा गंडा ने प्रशिक्षक मीमांशा खरे का स्वागत किया। दूसरी ओर युवाओं के लिए एक्सिस बैंक के सहयोग से एक कैंपस भर्ती अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें यंगेस्टर्स को सलेक्ट करने की प्रक्रिया हुई तो वे रोमांचित नजर आए।

## डॉ. सीमा ने दिया सारंग अंग के रागों पर व्याख्यान

# फिजा में घुली रागों की बंदिशों और गीतों की मखमली तासीर



बेधड़क | जयपुर

दिल्ली की इंदिरा गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग की सह आचार्य डॉ. सीमा जौहरी ने शहर के संगीत प्रेमियों को 'सारंग' अंग के रागों और उनके छिपे भावों की जानकारी दी।

'सारंग अंग' नामक कार्यक्रम 'शुक्रवार को मालवीय नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक प्रोमिला राजीव भट्ट ने बताया कि सीमा ने सारंग अंग के करीब 8 रागों की जानकारी देते हुए उन पर आधारित फिल्मी गानों और लोक गीतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शुरुआत राग वृन्दावनी सारंग की बंदिश 'बन-बन ढूंढत जाउं' और फिर इसी राग पर आधारित फिल्मी गीत 'सावन आए या ना आए' से हुई।

इसके बाद मद्यमाद सारंग की जानकारी देते हुए इस राग में छोटे ख्याल की बंदिश और उसी पर आधारित फिल्मी गीत 'जादूगर सैंया छोड़ो मोरी बैंया' गाकर संगीत शास्त्र पर पकड़ को दर्शाया।

इस मौके पर मौजूद संगीत गुरु पं. हेमंत भट्ट ने संगीत प्रेमियों के आग्रह पर राग शुद्ध सारंग की बंदिश 'अब मोरी बात मान ले पियरवा' सुनाई। अंत में पं. राजीव भट्ट ने अतिथि कलाकारों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोमिला राजीव ने किया।

**वर्कशॉप** इन्फ्लुएंसर मॉडलिंग के लिए रैंप पर आई खूबसूरत मॉडल्स

# वर्कआउट और पर्सनल डवलपमेंट का महत्व समझाया

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी एक बार फिर ग्लैमर के रंग में रंगी नजर आई। मेल-फीमेल मॉडल्स ने रैंप पर आए और इस सावनी सीजन के लिए लुक्स दिए। इससे फेस्टिवल से पहले फेस्ट की बानगी पेश करते हुए पार्टी वियर ड्रेसेज और स्टाइल आदि को शोकेस किया गया। ये अनूठा नजारा था जयपुर मॉडल की ओर से इन्फ्लुएंसर मॉडलिंग वर्कशॉप का, जिसमें मॉडल्स ने पार्टिसिपेट किया। इस मौके पर एक्सपर्ट ने उनको बताया, कि मॉडलिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए कई अवसर हैं। इसके प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। प्रोफेशनल मॉडलिंग को सीखने और कॅरिअर के रूप में अपनाने की प्रतिस्पर्धा में तेजी आई है। मेल व फिमेल मॉडल मॉडलिंग को कॅरियर के रूप में अपना रहे हैं। साथ ही यह प्रोफेशन कई अन्य अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। मॉल्डस के लिए अर्निंग सोर्स के साथ समाज में एक अलग पहचान बनाने के लिए प्लेटफॉर्म को अपनाया जा रहा है।



### वॉक और पोजिंग की बारीकियों पर रहा फोकस

फैशन कोरिओग्राफर विनय कुमावत ने बताया कि 10 दिनों तक में मॉडल्स को कई राउंड्स में रैंप वॉक और पोजिंग के बारे में बताया, जिसे मॉडल्स ने रैंप पर उतारा। साथ ही फैशन मॉडल, कैटलॉग मॉडल, वर्कआउट मॉडल, और ग्लैमर मॉडल जैसे सभी प्लेटफार्म पर चर्चा की गई। मॉडलिंग इंडस्ट्री में सफलता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग और वर्कआउट के महत्व को बारीकी से बताया गया। इसके अलावा पर्सनल डवलपमेंट, कॉमर्शियल अवयरनेस और गुड रिलेशन मेंटेंन करने के फायदों पर इंटरेक्शन प्रोग्राम हुआ।

### लाइफ स्टाइल दर्शाई रैंप पर

मेकअप आर्टिस्ट मेघा अग्रवाल ने मॉडलिंग लाइफ स्टाइल के बारे में बताया। साथ ही वर्कआउट और चेहरे के निखार के लिए सही डाइट प्लान पर चर्चा हुई। ऐसे में मॉडल्स ने स्वयं का मेक ओवर कैसे करें को पहले समझा और फिर उसे रैंप पर उतारा। खुदको हर मौसम में कैसे आकर्षक दिखा सकते हैं, इस पर बात की। इस मौके पर जयपुर मॉडल दर्शना, सोनल, रूबी, फैजल, बानी, दिव्यांश, गौरव, अयान, मुकेश ने अहम भूमिका निभाई।



तुम्हारा तर्कशील होना उन्हीं को खलता है,
जिनकी जीविका तुम्हारे मूर्ख होने से चलती है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### बेरूत हमले में हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर ढेर... 8 की मौत, 59 घायल

# इजराइल ने लेबनान में बरपाया कहर... रॉकेट दागे




**एजेंसी** | बेरूत

इजराइल ने लेबनान में एक बार फिर से कहर बरपाया है। राजधानी बेरूत में की गई एयरस्ट्राइक में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 59 लोग घायल हो गए। इस हमले में हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर इब्राहिम अकील मारा गया। वह हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट का प्रमुख था। इससे पहले हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर कई रॉकेट दागे थे। इसके बाद इजराइल ने ये हमले किए। बेरूत के भीड़भाड़ वाले दक्षिणी उपनगरों में इजराइल का लक्ष्य क्या था, यह अभी साफ नहीं हो सका है। व्यस्त समय पर हुए हमलों के दौरान लोग अपने काम से निकल रहे थे और छात्र स्कूल से घर जा रहे थे।



### मारा गया अकील

हिजबुल्लाह समूह के एक करीबी अधिकारी ने भी नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि शुक्रवार को जब इमारत को निशाना बनाया गया तो अकील वहां मौजूद था। अकील हिजबुल्ला की विशिष्ट रदवान फोर्स और समूह की सर्वोच्च सैन्य संस्था जिहाद काउंसिल के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर बमबारी करने में कथित भूमिका के लिए अकील पर प्रतिबंध लगाया है तथा यह भी आरोप है कि उसने लेबनान में अमेरिकी और जर्मन लोगों को बंधक बनाने का निर्देश दिया था तथा 1980 के दशक के दौरान उन्हें वहां बंधक बनाए रखा था।

**हिजबुल्लाह ने इजराइल में दागे 140 रॉकेट**

बेरूत से कुछ ही किमी दूर दहियाह में हमला व्यस्त समय के दौरान हुई, जब लोग काम से निकल रहे थे और छात्र स्कूल से घर जा रहे थे। हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में 140 रॉकेट दागे। यह हमला आतंकवादी समूह के नेता हसन नसरल्लाह द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर बमबारी का बदला लेने की कसम खाने के एक दिन बाद हुआ।


### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का बड़ा बयान

# ट्रंप ने हैरिस को बताया इजराइल का दुश्मन

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह हारते हैं तो यहूदी वोटर भी जिम्मेदार होंगे और इसके इजराइल के लिए भयावह नतीजे होंगे। गुरुवार को वॉशिंगटन में इजराइली-अमेरिकी परिषद राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनती हैं तो इजराइल का अस्तित्व अगले दो साल में खत्म जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसा हुए तो इसके लिए यहूदी भी दोषी होंगे, क्योंकि वे लोग डेमोक्रेट के लिए वोट करते हैं।

ट्रंप ने कहा कि अगर मैं यह चुनाव नहीं जीतता हूं तो इसमें यहूदी लोगों का बहुत योगदान होने वाला है। अगर यहूदियों में से 60 प्रतिशत लोग कमला हैरिस को वोट करेंगे तो वह भी जिम्मेदार होते हैं। मेरी ये राय है कि हैरिस के जीतने की स्थिति में दो साल के भीतर इजराइल का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा क्योंकि यहूदी विरोध का जहर पूरी दुनिया में फैल रहा है। अगर मैं जीतता हूं तो इजराइल सुरक्षित और संरक्षित होगा।



### इजराइल को बचाने के लिए मुझे दें वोट

ट्रंप ने यहूदियों के सामने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल को बचाने के लिए उनको वोट दें। उन्होंने इजराइल-हमास युद्ध पर कमला हैरिस के रुख को खतरनाक बताते हुए कहा कि वह एक बुरी डेमोक्रेट हैं। ट्रंप ने कहा कि इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि यहूदी विरोधी भावना के इस विस्फोट के खिलाफ कमला हैरिस ने चुप्पी साध रखी है। ट्रंप ने उस सर्वे का हवाला भी भाषण में दिया, जो कहता है कि अमेरिकी यहूदियों के बीच हैरिस को 60% वोट मिले हैं। उन्होंने 2016 के चुनाव में अमेरिकी यहूदियों के बीच 30% से कम वोट हासिल करने पर भी अफसोस जताया।

### पाक सेना के लिए 'कब्रिस्तान' बना वजीरिस्तान

# आतंकी अटैक में छह सैनिकों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद



पाकिस्तान का वजीरिस्तान सूबा पाकिस्तानी सेना के लिए सिरदर्द बना हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी और दक्षिणी वजीरिस्तान में अफगान तालिबान और पाकिस्तान तालिबान (टीटीपी) को खदेड़ने के लिए एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया हुआ है। हालांकि, पाकिस्तानी सेना को इस सैन्य अभियान की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। पाकिस्तानी सेना के प्रॉपगैंडा विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर और दक्षिण वजीरिस्तान में दो अलग-अलग ऑपरेशनों में छह सैनिक मारे गए, जबकि 12 चरमपंथियों की भी मौत हुई। वजीरिस्तान, अफगानिस्तान से सटा हुआ है। ऐसे में इन इलाकों में अफगान तालिबान का काफी ज्यादा प्रभाव रहता है।

आईएसपीआर के जारी बयान में कहा कि उत्तर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हमारे सैनिकों और चरमपंथियों के बीच दो भीषण मुठभेड़ हुईं। इसमें 12 चरमपंथी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि घटनास्थल से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। इस बीच, दूसरी घटना दक्षिणी वजीरिस्तान के लाधा के सामान्य क्षेत्र में हुई, जब चरमपंथी के एक समूह ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की चौकी पर हमला किया। भीषण गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के छह सैनिक भी मारे गए।

## चीन ने अंतरिक्ष में भेजे छह नए उपग्रह



**बीजिंग**। चीन ने शुक्रवार को उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से छह नए उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे। जिलिन-1 कुआनफू 02बी 01-06 उपग्रहों को लॉन्ग मार्च-2डी वाहक रॉकेट पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:11 बजे प्रक्षेपण किया गया। सभी उपग्रहों का सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश हुआ। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 536वां उड़ान मिशन है।




**अमेरिकी कंपनी का दावा**

# रात में होगी धूप की होम डिलिवरी!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

क्या धूप को भी कैद किया जा सकता है और क्या इसकी होम डिलिवरी की जा सकती है। दरअसल अमेरिका की एक कंपनी दावा कर रही है कि रात को भी धूप की होम डिलिवरी का इंतजाम किया जाएगा। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। रात में भी धूप मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति रात के अंधेरे के बीच में मोबाइल फोन के साथ कुछ छेड़खानी कर रहा है।

इसी दौरान किसी एप पर एक से दो बार क्लिक करने के बाद अचानक आसमान में एक चमक दिखाई देती है, जिसके बाद वहां पर अंधेरा खत्म हो जाता है। वीडियो में देखने पर पता चल रहा है कि यह अमेरिका के कैलिफोर्निया की कंपनी है, जो सूरज की रोशनी बेचनी की बात कह रही है। इतना ही नहीं कंपनी से जुड़े बेन नोवैक ने इस बारे में पोस्ट को शेयर करते हुए बताया है कि वह अपने साथी के साथ मिरर और सैटेलाइट की मदद से ऐसा सिस्टम तैयार कर रहे हैं जिसकी मदद से हजारों सोलर फार्म को रात में सूरज की रोशनी को बेचा सके। उन्होंने लिखा है कि सोलर सेल्स सबसे अधिक सस्ता तरीका है, जिसकी बदौलत बिजली बनाई जा सकती है।



### रात में कैसे मिलेगी सूरज की रोशनी

बेन नोवैक के मुताबिक, अगर अंतरिक्ष में तैरते मिरर की मदद से सूरज की रोशनी को धरती के अंधेरे भागों में रिफ्लेक्ट किया जाए तो हमेशा ऊर्जा मिल सकेगी, जिस प्रकार बचपन में दर्पण (मिरर) की मदद से हम एक स्थान से धूप को रिफ्लेक्ट करके अंधेरे कमरे में आसानी से पहुंचा दिया करते थे। साथ ही उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2023 को रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल कंपनी ने धरती में डॉट एयर बलून की सहायता से इसका टेस्ट पूरा किया था और कंपनी अपना पहला सैटेलाइट डिजाइन करने में लगी हुई है। फिलहाल यह जरूर कहा जा सकता है कि सूरज की रोशनी की होम डिलीवरी सिर्फ एक कॉन्सेप्ट तक ही सीमित है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl